Nainital Bank
amulya rishton ka atoot bandhan

ANNUAL REPORT
2025-26



"From Our Roots to New Heights."

TRIBUTE TO THE FOUNDERS



LALA PARMA SAH
FOUNDER DIRECTOR



GOVIND BALLABH PANT
FOUNDER DIRECTOR



MATHURA DATT PANDE
FOUNDER DIRECTOR

The famous saying by late financial journalist and author, Hartley Withers, states, 'Good Banking is produced not by good laws, but by good bankers'. This saying adds up to the fundamental perspective of the time and life of the founders and foremost directors of the Nainital Bank, Lala Parma Sah, Govind Ballabh Pant, and Mathura Datt Pande, the visionaries who laid the foundation of the Nainital Bank Limited. Their in-depth differentiae of willingness, determination, and inventiveness gave rise to an eminent financial institution in the hills of Kumaon.

The visionaries and promoters of the Nainital Bank — Lala Parma Sah, a contractor; Govind Ballabh Pant, a *vakil*; Mathura Datt Pande, a *vakil*; Mohan Lal Sah, a government treasurer; Abdul Quayyum, a merchant; Chandra Lal Sah Rias, and Debi Lal Sah — held on to their ambitions and transformed them into actuality. Their rigorous hard work propelled them to victory and made them the pioneers who contributed greatly to the banking sector of the country.



गोपाल सिंह गुंसाई
(गैर–कार्यकारी अध्यक्ष)

यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए नैनीताल बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा हूँ। यह अवधि हमारे सतत व्यावसायिक विकास और सुरक्षित, सुलभ एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए हमारे डिजिटल परिवेश के निरंतर विस्तार को दर्शाती है। प्रमुख रूपांतरणों और स्थिर वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर, हम अपनी अगली विकास यात्रा और दीर्घकालिक मूल्य सृजन को गति देने के लिए आवश्यक रणनीतिक आधार तैयार कर रहे हैं।

व्यापक आर्थिक अवलोकन

वैश्विक टैरिफ और भू–राजनीतिक व्यवधानों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान 7.7% की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए अपनी दृढ़ता सिद्ध की। यह वृद्धि निजी खपत में मजबूत पुनरुत्थान, संरचनात्मक सुधारों तथा पूरे वर्ष भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रदान किए गए व्यापक नीतिगत समर्थन से प्रेरित रही। नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों, करों में कमी आदि ने वर्ष के दौरान खपत में पुनरुत्थान को समर्थन दिया। खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी और स्थिर मूल मुद्रास्फीति के समर्थन से मुद्रास्फीति भारतीय रिज़र्व बैंक के लक्ष्य से काफी नीचे रही। भारतीय रिज़र्व बैंक ने विकास को समर्थन देने के लिए तरलता प्रवाह के साथ–साथ नीतिगत रेपो दर को तर्कसंगत बनाते हुए एक संतुलित मौद्रिक सहजता चक्र अपनाया। इन सभी नीतियों ने मजबूत उपभोक्ता मांग, बेहतर ऋण स्थितियों और निजी पूंजीगत व्यय में पुनरुत्थान का मार्ग प्रशस्त किया।

वित्तीय प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने कुल कारोबार में 6.75% की वृद्धि दर्ज की। यह गति हमारे अग्रिम पोर्टफोलियो में 10.55% की वृद्धि तथा परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार से प्रेरित रही, जिसके परिणामस्वरूप शुद्ध गैर–निष्पादित परिसंपत्ति (NNPA) अनुपात घटकर 0.27% रह गया और प्रावधान कवरेज अनुपात (PCR) बढ़कर 94.01% हो गया। बैंक ने CASA को 40% से अधिक बनाए रखा, जिससे बैंकिंग परिदृश्य में संरचनात्मक लागत लाभ तथा अधिक तरलता और स्थिरता प्राप्त हुई। 18.96% के मजबूत पूंजी–जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (CRAR) के समर्थन से हमारी सुदृढ़ बैलेंस शीट का प्रत्यक्ष प्रभाव कर पश्चात लाभ (PAT) में लगभग 25% की प्रभावशाली वृद्धि के रूप में दिखाई दिया। यद्यपि व्यावसायिक लक्ष्य महत्वपूर्ण हैं, लेकिन 'उत्तराखंड का सर्वाधिक प्रशंसित बैंक' बनने की हमारी आकांक्षा में लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना शामिल है। वित्त वर्ष 2027 की ओर बढ़ते हुए, हम जैविक एवं सतत विकास, जोखिम के संतुलन और अपने हितधारकों को प्रतिफल देने पर केंद्रित रहेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि हम अनुपालन एवं स्थिरता के प्रति प्रतिबद्ध बने रहें।

डिजिटल बैंकिंग और नवाचार

डिजिटल रूपांतरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर, हम अपने मौजूदा ग्राहकों के साथ–साथ आज के तकनीक–प्रेमी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से सेवाएँ प्रदान करने के लिए तकनीकी नवाचार को गति दे रहे हैं। इस वर्ष एक प्रमुख उपलब्धि हमारे प्रमुख मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन, नैनी नियो, का शुभारंभ रहा। आगे बढ़ते हुए, हम इसकी सुविधाओं के विस्तार को आक्रामक रूप से आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि उद्योग के अग्रणी मानकों के अनुरूप पूर्ण समानता सुनिश्चित की जा सके और अत्यधिक सुरक्षित, सहज एवं व्यापक बैंकिंग अनुभव प्रदान किया जा सके।

बैंक निर्बाध परिचालन, तत्परता और कड़े नियामकीय अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपने मुख्य डिजिटल इकोसिस्टम को व्यवस्थित रूप से मजबूत कर रहा है। हम अपनी परिसंपत्ति एवं देयता पोर्टफोलियो को समर्थन देने और बढ़ाने के लिए अगली पीढ़ी के प्लेटफॉर्म शुरू करने की संभावनाओं का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रहे हैं तथा साथ ही अपनी रिपोर्टिंग अवसंरचना को अनुकूलित कर रहे



Gopal Singh Gusain

(Non-Executive Chairperson)

It is an honour to present Nainital Bank's Annual Report for the Financial Year 2025-26. This period showcases our sustainable business growth and the continuous expansion of our digital ecosystem to deliver secure, accessible, and modern banking services. Supported by key transformations and steady financial performance, we are laying the strategic foundation necessary to drive our next wave of growth and long-term value creation.

Macroeconomic Overview

Navigating global tariffs and geopolitical disruptions, the Indian economy proved its resilience by registering a powerful 7.7% growth during FY 2025-26. This growth was driven by strong revival in private consumption, structural reforms and aggressive policy support from both the Government and the Reserve Bank of India throughout the year. The next-generation GST reforms, reduction in taxes etc. have supported the revival of consumption during the year. The inflation was well below the RBI's target, supported by benign food inflation and stable core prices. The Reserve Bank of India undertook a calibrated easing cycle, rationalizing the policy repo-rate, alongside liquidity infusion to support growth. All these policies support translating into a strong consumer demand, improving credit conditions, and a revival in private capital expenditure.

Financial Performance

During the fiscal year, the bank registered overall business growth of 6.75%. This momentum was driven by a 10.55% growth in our advances portfolio and sharp asset quality improvements with our Net Non-Performing Asset (NNPA) ratio dropping to 0.27%, and the Provision Coverage Ratio (PCR) climbing to 94.01%. The bank also maintained CASA maintained above 40% giving structural cost advantage and greater liquidity & stability in the banking landscape. Supported by a strong Capital to Risk-Weighted Assets Ratio (CRAR) of 18.96%, our robust balance sheet directly translated into an impressive profit after tax (PAT) surge of nearly 25%. While business goals are essential, our pursuit of becoming the 'Most Admired Bank of Uttarakhand' is about the people first. Looking ahead to Fiscal 2027, we will remain focused on organic & sustainable growth, balancing risk, and rewarding our stakeholders while ensuring we remain compliant and sustainable.

Digital Banking and Innovation

Driven by our commitment to digital transformation, we are accelerating tech innovation to seamlessly serve both our existing clientele and today's tech-savvy consumers. A key milestone this year was the launch of our premier mobile banking application, Naini Neo. Moving forward, we are aggressively expanding its feature suite to deliver full parity with leading industry standards, offering a highly secure, frictionless, and comprehensive banking experience.

The Bank is systematically strengthening its core digital ecosystem to ensure seamless operational readiness and strict regulatory compliance. We are actively exploring introducing next-generation platforms to support and increase our asset and liability portfolios, while simultaneously optimizing

हैं, ताकि तीव्र, डेटा–आधारित निगरानी और पर्यवेक्षण को सक्षम बनाया जा सके।

तेजी से बदलते वित्तीय परिदृश्य के साथ कदम मिलाने के लिए, बैंक अपने परिचालन को आधुनिक बनाने हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाधानों का मूल्यांकन कर रहा है। हमारा ध्यान व्यवसायिक विकास के लिए AI-आधारित समाधानों एवं एनालिटिक्स को लागू करने तथा परिचालन, जोखिम और अनुपालन ढाँचे को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। यह तकनीकी परिवर्तन पारंपरिक बैंकिंग विश्वास और स्वचालित दक्षता के बीच की दूरी को कम करेगा, इससे टर्नअराउंड समय में भारी कमी आएगी और बैंक को बेहतर और बड़े पैमाने पर वृद्धि के लिए तैयार करने में सहायता मिलेगी।

आगे बढ़ते हुए, आपका बैंक एक अत्यधिक सुरक्षित, स्केलेबल, सुलभ और सहज डिजिटल बैंकिंग ढाँचा तैयार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक एवं व्यापक मूल्य सृजित करता है।

साइबर सुरक्षा

जैसे–जैसे नैनीताल बैंक अपनी डिजिटल सेवाओं का विस्तार कर रहा है, मजबूत साइबर सुरक्षा के माध्यम से संवेदनशील और महत्वपूर्ण डेटा की सुरक्षा हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में बनी हुई है। बैंक के पास एक सुव्यवस्थित सूचना सुरक्षा ढाँचा मौजूद है, जिसे निरंतर उन्नत किया जा रहा है तथा जिसके अंतर्गत हमारे सभी प्रमुख प्लेटफॉर्म पर जोखिमों के प्रबंधन के लिए निरंतर निगरानी, भेद्यता स्कैनिंग और नियमित जोखिम आकलन किए जाते हैं। दीर्घकालिक कॉर्पोरेट गवर्नेंस कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर सुरक्षा को केंद्रीय स्थान देना ग्राहक डेटा की सुरक्षा और हमारे डिजिटल वातावरण को उभरते प्रणालीगत खतरों से सुरक्षित रखने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नियमन

आपके निदेशक मंडल का सुशासन पर अटूट ध्यान बना हुआ है और वह अपनी स्वतंत्रता एवं दक्षता का उपयोग करते हुए बैंक की प्रगति को जिम्मेदारीपूर्वक आगे बढ़ा रहा है। निदेशक मंडल में स्वतंत्र और गैर–स्वतंत्र निदेशकों का संतुलित मिश्रण है, जो रणनीतिक निर्णय–निर्माण में विविध दृष्टिकोण, कठोर निगरानी और मजबूत नेतृत्व प्रदान करते हैं। हम पारदर्शी प्रकटीकरण और उच्च गुणवत्ता वाली सूचना के आदान–प्रदान को प्राथमिकता देते हैं, ताकि बोर्ड स्तर पर सार्थक विचार–विमर्श सुनिश्चित किया जा सके। गतिशील नियामकीय अधिदेशों और व्यावसायिक आवश्यकताओं के साथ अपने रणनीतिक ढाँचों को निरंतर संरेखित करते हुए, निदेशक मंडल जोखिम प्रबंधन, ऑडिट और अनुपालन पर कड़ी निगरानी बनाए रखता है तथा जैविक विकास के अवसरों को साकार करता है। वर्ष भर नियमित रूप से बैठकें आयोजित करते हुए, निदेशक मंडल और उसकी समितियाँ बैंक के महत्वपूर्ण परिचालनों का मूल्यांकन करती हैं, ताकि संस्था बाहरी बाजार की अनिश्चितताओं के प्रति सुदृढ़ बनी रहे। आगे भी निदेशक मंडल सर्वोत्तम वैश्विक मानकों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, ताकि हमारे जमाकर्ताओं, कर्मचारियों और हितधारकों के हितों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

सामाजिक प्रभाव और ईएसजी

'समावेशी बैंकिंग' के अपने मूल सिद्धांत से प्रेरित होकर, नैनीताल बैंक अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) संबंधी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह समर्पित है और अपने परिचालन क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। हमारी CSR पहलों का ध्यान समुदायों और समाज के भीतर सार्थक एवं मापनीय प्रभाव उत्पन्न करने पर केंद्रित है। हमारे कार्यक्रम शिक्षा का प्रोत्साहन, खेल, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वच्छता, कला एवं संस्कृति का प्रोत्साहन तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संचालित हैं।

बैंक पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन (ESG) सिद्धांतों पर निरंतर केंद्रित है तथा अपनी रणनीतियों, नीतियों और परिचालन संबंधी निर्णयों को विकसित हो रहे वैश्विक मानकों के अनुरूप व्यवस्थित रूप से संरेखित कर रहा है। यह सक्रिय प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि सतत सर्वोत्तम प्रथाओं को हमारे संपूर्ण परिचालन चक्र में पूरी तरह एकीकृत किया जाए। इसके अतिरिक्त, बैंक जलवायु–अनुकूल परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने और अपने परिचालन उत्सर्जन को व्यवस्थित रूप से कम करने हेतु ग्रीन डिपॉजिट शुरू करने की संभावना का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रहा है।

भविष्य की दिशा

हम दीर्घकालिक मूल्य सृजन के लिए एक मजबूत आधार स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हैं। व्यावसायिक निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए, अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार करते हुए, एक स्थिर नेतृत्व ढाँचा बनाए रखते हुए और रणनीतिक गठजोड़ों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाते हुए, नैनीताल बैंक लाभदायक एवं सतत विकास प्राप्त करने के लिए पूरी तरह केंद्रित है।

निदेशक मंडल की ओर से, मैं हमारे हितधारकों, ग्राहकों, नियामकों और कर्मचारियों के अटूट विश्वास एवं सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूँ। हम सब मिलकर नैनीताल बैंक की मजबूत नींव को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं और एक सुदृढ़, भविष्य के लिए तैयार संस्था का निर्माण कर रहे हैं, जो सतत विकास एवं मूल्य सृजन के लिए प्रतिबद्ध है।

our reporting infrastructure to enable sharp, data-driven monitoring and oversight.

To keep up the pace with the rapidly changing financial landscape, the bank is evaluating Artificial Intelligence solutions to modernize its operations. Our focus centers on deploying AI-driven solutions & analytics for business growth and enhance the operational, risk and compliance framework. This technological pivot will bridge the gap between traditional banking trust and automated efficiency, drastically minimize turnaround times and will help in positioning the Bank for superior scalable growth.

Moving forward, your Bank remains steadfast in building a highly secure, scalable, accessible, and intuitive digital banking framework that creates deep long-term value for all stakeholders.

Cyber Security

As Nainital Bank expands its digital services, safeguarding sensitive and critical data through robust cybersecurity remains a core priority. The Bank has in place and is continuously upgrading its structured information security framework, for continuous monitoring, vulnerability scanning and routine risk assessments to manage risks across all our key platforms. Anchoring cybersecurity within our long-term corporate governance programme demonstrates our commitment towards the safety of customer data and shielding our digital environment from emerging systemic threats.

Governance

Your Board of Directors maintain an unwavering focus on good governance, leveraging their independence and competence to drive the Bank's progress responsibly. The Board is well-balanced, comprising a mix of Independent and Non-Independent Directors who bring diverse perspectives, rigorous oversight, and strong stewardship to strategic decision-making. We prioritize transparent disclosures and high-quality information sharing to ensure meaningful board-level deliberations. By continuously aligning our strategic frameworks with dynamic regulatory mandates and business needs, the Board maintains stringent oversight over risk management, audits, and compliance while unlocking organic growth. Meeting regularly throughout the year, the Board and its Committees evaluate critical banking operations to keep the institution resilient against external market uncertainties. Moving forward, the Board continues to champion the best global standards to fully protect the interests of our depositors, employees, and stakeholders.

Social Impact and ESG

Driven by our foundational ethos of 'Inclusive Banking', Nainital Bank remains deeply dedicated to its Corporate Social Responsibility (CSR) mandate, actively fostering socio-economic development across our operational geographies. Our CSR initiatives focus on creating meaningful and measurable impact within communities and societies. Our programmes span key focus areas of Promotion of Education, Sports, Healthcare & Hygiene, Promotion of Art & Culture and Natural Resource Management.

The bank remains deeply focused on Environmental, Social, and Governance (ESG) principles, systematically aligning our strategies, policies, and operational decisions with evolving global standards. This proactive commitment ensures that sustainable best practices are thoroughly integrated across our entire operational lifecycle. Furthermore, the bank is actively evaluating the introduction of Green Deposits to mobilize capital toward climate-friendly projects and systematically reduce our operational emissions.

Looking Forward

We look forward to establishing a solid foundation for long-term value creation. By prioritizing business delivery, expanding our digital ecosystem, maintaining a stable leadership framework, and actively pursuing strategic alliances, Nainital Bank remains fully focused on achieving profitable and sustainable growth.

On behalf of the Board, I sincerely thank our stakeholders, customers, regulators, and employees for their steadfast trust and collaboration. Together, we continue to reinforce Nainital Bank's foundations - fostering a resilient, future-ready institution geared for sustainable growth and value creation.



सुशील कुमार लाल
(मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ)

प्रिय शेयरधारकों,

इस शताब्दी पुराने संस्थान का नेतृत्व करना मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है और मैं अपने सभी हितधारकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं उस जिम्मेदारी से भली–भाँति अवगत हूँ, जो ऐसे संस्थान का नेतृत्व करने के साथ आती है, जिसने दृढ़ अनुशासन और संकल्प के माध्यम से अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और सभी हितधारकों का विश्वास पुनः स्थापित किया है। मजबूत सुशासन, अनुशासित जोखिम प्रबंधन और सुव्यवस्थित व्यावसायिक मॉडल से प्रेरित होकर, हम उद्देश्यपूर्ण विकास के अपने अगले चरण के लिए तैयार हैं। हमारा विज़न बैंक को एक विश्वसनीय, मूलभूत रूप से सुदृढ़, प्रौद्योगिकी–सक्षम और भविष्य के लिए तैयार संस्थान में परिवर्तित करना है, ताकि इसकी वास्तविक क्षमता को साकार किया जा सके और सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य का सृजन किया जा सके।

वित्तीय वर्ष 2026: प्रदर्शन की प्रमुख विशेषताएँ

वैश्विक व्यवधानों, व्यापक आर्थिक बदलावों, बढ़ती जमा प्रतिस्पर्धा और विकसित होते नियामकीय ढाँचों के बीच, भारत का बैंकिंग इकोसिस्टम अत्यधिक गतिशील बना रहा। इन चुनौतियों के बावजूद, हमारे बैंक ने वित्तीय वर्ष 2026 में अनुशासित वित्तीय प्रदर्शन किया। हमारी बैलेंस शीट अत्यधिक सुदृढ़ बनी रही, जिसमें अनुशासित जोखिम प्रबंधन और उन्नत अनुपालन ढाँचे के माध्यम से विस्तार हुआ। वित्तीय वर्ष के दौरान, हमने 6.75% की समग्र व्यावसायिक वृद्धि दर्ज करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं।इस गति को हमारे अग्रिम पोर्टफोलियो में 10.55% के विस्तार के साथ–साथ परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार से बल मिला; हमारा शुद्ध गैर–निष्पादित परिसंपत्ति (NNPA) अनुपात घटकर 0.27% रह गया, जबकि प्रावधान कवरेज अनुपात (PCR) बढ़कर 94.01% हो गया। 18.96% के मजबूत पूंजी–जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (CRAR) के समर्थन से, हमारे मजबूत पूंजी आधार का प्रत्यक्ष प्रभाव कर पश्चात लाभ (PAT) में लगभग 25% की प्रभावशाली वृद्धि के रूप में सामने आया। हमने CASA अनुपात को भी 40% से अधिक बनाए रखा, जिससे एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक लागत लाभ सुनिश्चित हुआ, जो लाभ मार्जिन में सुधार, परिचालन दक्षता में वृद्धि तथा बेहतर तरलता और स्थिरता प्रदान करता है।

सुशासन आधारित संस्कृति

हमने निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाकर, जवाबदेही को बढ़ाकर तथा निर्णय–निर्माण को दीर्घकालिक रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप करके अपने सुशासन ढाँचे को निरंतर सुदृढ़ किया। एक प्रमुख उपलब्धि हमारे निदेशक मंडल का रणनीतिक विस्तार रहा, जिसमें अनुभवी एवं कुशल पेशेवरों का स्वागत किया गया, जिनकी गहन विशेषज्ञता और विविध दृष्टिकोण हमारे संस्थागत पर्यवेक्षण को और मजबूत करते हैं। इसके साथ ही, हमने अनुपालन को संगठन–व्यापी साझा जिम्मेदारी के रूप में और सुदृढ़ किया। डिजिटल लर्निंग, जागरूकता अभियानों और संरचित कार्यशालाओं के माध्यम से हमने प्रत्येक परिचालन कार्य में ईमानदारी और जिम्मेदार आचरण को गहराई से समाहित किया है।

प्रमुख रणनीतिक निर्णय

- **DIT का स्थानांतरण**: एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, हमने अपने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (DIT) को नोएडा स्थित अत्याधुनिक कार्यालय में पूरी तरह स्थानांतरित कर दिया है। यह परिचालन केंद्र हमें उभरती फिनटेक कंपनियों के साथ निर्बाध रूप से सहयोग करने और अपने कोर बैंकिंग ढाँचे को आधुनिक बनाने में सक्षम बनाएगा।



Sushil Kumar Lal
(Managing Director & CEO)

Dear Shareholders,

Leading this century-old institution is a profound honor, and I extend my heartfelt gratitude to all our stakeholders. I am deeply mindful of the responsibility that comes with leading an institution which through steadfast discipline and resolve, has restored the trust of its customers, employees, and all stakeholders. Driven by strong governance, disciplined risk management, and a well-aligned business model, we stand poised for our next chapter of purposeful growth. Our vision is to transform the bank into a credible, fundamentally robust, tech-enabled, and future-ready institution, unlocking its true potential and delivering long-term value for all stakeholders.

Fiscal 2026: Performance Highlights

Amid global disruptions, macroeconomic shifts, rising deposit competition, and evolving regulatory frameworks, India's banking ecosystem remained highly dynamic. Despite these challenges, our bank delivered a disciplined financial performance in Fiscal 2026. Our balance sheet remains highly resilient, expanding through disciplined risk management and an elevated compliance framework. During the fiscal year, we achieved critical milestones, registering overall business growth of 6.75%. This momentum was propelled by a 10.55% expansion in our advances portfolio alongside sharp improvements in asset quality; our Net Non-Performing Asset (NNPA) ratio dropped to 0.27% while the Provision Coverage Ratio (PCR) climbed to 94.01%. Supported by a robust Capital to Risk-Weighted Assets Ratio (CRAR) of 18.96%, our strong capital foundation directly translated into an impressive Profit After Tax (PAT) surge of nearly 25%. We also maintained a CASA ratio above 40%, securing a vital structural cost advantage that improves profit margins, enhances operational efficiency, and provides superior liquidity and stability.

Governance driven culture

We continued to elevate our governance framework by sharpening oversight, boosting accountability, and aligning decision-making with long-term strategic goals. A key milestone was the strategic expansion of our Board; welcoming accomplished professionals whose deep expertise and diverse viewpoints enhance our institutional oversight. Concurrently, we reinforced compliance as a shared, organization-wide responsibility. Through digital learning, awareness campaigns, and structured workshops, we have deeply embedded integrity and responsible conduct into every operational function.

Key Strategic Decisions

- **Relocation of DIT:** In a major milestone, we completely shifted our Department of Information Technology (DIT) to a state-of-the-art office in Noida. This operational hub will allow us to seamlessly collaborate with emerging FinTech companies and modernize our core banking framework.

- **कभी भी, कहीं भी बैंकिंग**: प्रत्येक शाखा आधुनिक कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (CBS) पर पूरी तरह सक्रिय है। हम इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग ऐप्स और डिजिटल सेवा प्रणालियों को निरंतर उन्नत कर रहे हैं, ताकि सामान्य परिचालन संबंधी बाधाओं को समाप्त किया जा सके और ग्राहकों को सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान किया जा सके।
- **सुरक्षा**: हम उभरते डिजिटल खतरों को पहले से ही निष्प्रभावी करने के लिए अपने साइबर सुरक्षा ढाँचे को निरंतर मजबूत कर रहे हैं। अत्याधुनिक सुरक्षा प्रौद्योगिकियों और कड़े परिचालन पर्यवेक्षण के माध्यम से हमने साइबर घटनाओं को रोकने और अपनी संस्थागत अखंडता की सुरक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है।

लाभ से परे उद्देश्य

वित्तीय समावेशन, सामाजिक सुरक्षा और सामुदायिक सेवा हमारे मिशन के मूल सिद्धांत बने हुए हैं। हम हमेशा से समाज की सेवा करने और उसमें योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहे हैं। हमने वंचित क्षेत्रों में अपनी पहुँच को और गहरा किया है तथा उन लोगों के लिए वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को बढ़ावा दिया है, जिन्हें इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है। लक्षित वित्तीय सहायता और अनुकूलित बैंकिंग समाधानों के माध्यम से, हम वंचित समूहों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए ऋण तक पहुँच में आने वाली बाधाओं को सक्रिय रूप से दूर कर रहे हैं। CSR के अंतर्गत, बैंक आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की बालिकाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करता है तथा चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए एम्बुलेंस दान करके उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करता है। निरंतर CSR पहलों के माध्यम से, हम सामुदायिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता तथा शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति के प्रोत्साहन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। ये प्रयास एक वित्तीय संस्था के रूप में ही नहीं, बल्कि एक अत्यंत जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में हमारी भूमिका को रेखांकित करते हैं।

भविष्य के लिए तैयार बैंक

हमारा उद्देश्य बैंक को एक ऊर्जावान, अनुकूलनशील और सुदृढ़ संस्था में परिवर्तित करना है, जो बदलते बाजार, नियामकीय और तकनीकी परिदृश्यों के बीच प्रभावी रूप से कार्य करने में सक्षम हो। विश्वास और ईमानदारी की अपनी विरासत के आधार पर, हम एक पूर्णतः ग्राहक–केंद्रित मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी विकास रणनीति जैविक व्यावसायिक विस्तार, तीव्र और पारदर्शी निर्णय–निर्माण तथा तकनीकी नवाचार के लिए फिनटेक साझेदारियों पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, हम स्वचालन, निरंतर क्षमता निर्माण और कड़े नियामकीय अनुपालन के माध्यम से मानव पूंजी का अनुकूलन कर रहे हैं, ताकि स्वयं को एक अग्रणी तकनीक–सक्षम बैंक के रूप में स्थापित किया जा सके। स्थिरता को बढ़ावा देते हुए, हमने दीर्घकालिक एवं सतत विकास के लिए मजबूत पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन (ESG) प्रथाओं को अपने मूल परिचालनों में समाहित करने हेतु परियोजनाएँ भी शुरू की हैं।

हमारा पुनर्संरेखित व्यावसायिक मॉडल खुदरा ऋण, सेवा क्षेत्र के वित्तपोषण और CASA आधार में निरंतर वृद्धि को प्राथमिकता देता है, ताकि परिसंपत्तियों और देयताओं दोनों में जैविक विस्तार को बढ़ावा दिया जा सके। परिचालन लागत को कम करने और अनुपालन को मजबूत करने के लिए, हम प्रौद्योगिकी को अपनाने की गति बढ़ा रहे हैं तथा अपने रिटेल, कृषि और MSME (RAM) पोर्टफोलियो का आक्रामक रूप से विस्तार कर रहे हैं। हम अपनी शाखा नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं और साथ ही अपने डिजिटल बैंकिंग इकोसिस्टम को मजबूत कर रहे हैं, ताकि युवा एवं तकनीक–प्रेमी ग्राहकों को आकर्षित किया जा सके और मौजूदा ग्राहकों के साथ संबंधों को और गहरा किया जा सके। अपने डिजिटल कोर में निरंतर निवेश के माध्यम से, हम नई सेल्फ–सर्विस ग्राहक सेवाएँ शुरू करेंगे और उच्च सिस्टम अपटाइम तथा मजबूत साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी IT आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करेंगे। हमारे प्रमुख मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन, Naini Neo, के सफल शुभारंभ के बाद, हम इस वर्ष प्रतिस्पर्धी और बाजार के अनुरूप डिजिटल सेवाएँ शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त, हम परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक केंद्रीकृत रिटेल ऋण प्रसंस्करण केंद्र, नैनी राह (Naini ₹@h,), विकसित कर रहे हैं। ये पहलें हमारे समग्र फ्रेंचाइज़ का विस्तार करने के लिए न्यू–टू–बैंक (NTB) ग्राहकों को जोड़ने पर हमारे आक्रामक फोकस को सीधे समर्थन प्रदान करती हैं।

सामूहिक प्रभाव

वित्त वर्ष 2026–27 की ओर स्पष्ट उद्देश्य और विश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए, मैं अपने सभी हितधारकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। हमारे शेयरधारकों के प्रति, हमारी दीर्घकालिक रणनीति में आपके निरंतर विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद। हमारे ग्राहकों के प्रति, आपकी निष्ठा के लिए हम आभारी हैं, जो हमें निरंतर नवाचार करने और अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती है। हमारे समुदायों के प्रति, सार्थक और सतत प्रभाव उत्पन्न करने में हमारे साथ साझेदारी करने के लिए धन्यवाद।

अंत में, मैं अपने कर्मचारियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूं–मजबूत, अनुशासन और साझा महत्वाकांक्षा हमारी सफलता के वास्तविक आधार हैं। पिछले वर्ष हमने जो मजबूत आधार तैयार किया है, वह हमारी सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। हम सब मिलकर और अधिक तेज़ी से आगे बढ़ने और एक मजबूत भविष्य का निर्माण करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

- **Anytime, Anywhere Banking:** Every branch is fully active on modern Core Banking Solutions (CBS). We are continuously upgrading our Internet Banking, Mobile Banking apps, and digital delivery systems to eliminate standard operational frictions and provide smooth consumer journeys.
- **Security:** We continue to fortify our cybersecurity framework to pre-emptively neutralize emerging digital threats. Through cutting-edge defence technologies and strict operational oversight, we have enhanced our security posture to prevent cyber incidents and safeguard our institutional integrity.

Purpose Beyond Profit

Financial inclusion, social security, and community service remain the core tenets of our mission. We have always been deeply committed to serving and contributing to society. We have deepened our footprint in underserved regions, driving financial literacy and security for individuals who need it most. Through targeted financial assistance and tailored banking solutions, we actively dismantle barriers to credit for marginalized groups and economically weaker sections. Under CSR, the bank provides vital financial assistance to girls from economically weaker sections and strengthens healthcare infrastructure in Uttarakhand by donating ambulances for medical emergencies. Through continuous CSR initiatives, we focus on community development, environmental sustainability, and the promotion of education, sports, art, and culture. These efforts underscore our role as not just a financial institution, but a deeply responsible corporate citizen.

Future ready Bank

The aim is to transform the bank into an agile, adaptive, and resilient institution equipped to thrive amid shifting market, regulatory, and technological landscapes. Building on our legacy of trust and integrity, we are shifting to a strictly customer-centric model. Our growth strategy focuses on organic business expansion, accelerated and transparent decision-making, and fintech partnerships for technological innovation. Furthermore, we are optimizing human capital through automation, continuous capacity building, and strict regulatory adherence to position ourselves as a leading tech-savvy bank. Championing sustainability, we have also launched projects to embed robust Environmental, Social, and Governance (ESG) practices into our core operations for long-term, sustainable growth.

Our realigned business model prioritizes retail lending, service sector financing, and steady CASA base growth to drive organic expansion across assets and liabilities. To reduce operating costs and strengthen compliance, we are accelerating technology adoption while aggressively expanding our Retail, Agriculture, and MSME (RAM) portfolio. We are expanding our brick-and-mortar network while simultaneously strengthening our digital banking ecosystem to attract younger, tech-savvy customers and deepen relationships with existing clientele. By investing continuously in our digital core, we will launch new self-service customer journeys and reinforce our IT backbone to ensure high system uptime and robust cybersecurity. Following the successful launch of our flagship mobile banking application, Naini Neo, we are committed to rolling out competitive, market-aligned digital services this year. Furthermore, we are developing a centralized retail loan processing hub, Naini ₹@h, to enhance operational efficiency and elevate customer experience. These initiatives directly support our aggressive focus on onboarding New-to-Bank (NTB) customers to expand our overall franchise.

Collective Impact

As we look ahead to FY 2026-27 with clear purpose and confidence, I want to express my deepest gratitude to all our stakeholders. To our shareholders, thank you for your steadfast trust and belief in our long-term strategy. To our customers, we appreciate your loyalty, which drives us to constantly innovate and elevate our services. To our communities, thank you for partnering with us to create meaningful, sustainable impact.

Finally, my profound thanks go to our employees - your agility, discipline, and shared ambition are the true engines of our success. The robust groundwork we have laid this past year is a testament to our collective strength. Together, we are fully prepared to move further, faster, and build a resilient future.



कुलदीप सिंह
(कार्यकारी निदेशक)

प्रिय शेयरधारकों,

वित्तीय वर्ष 2025–26, द नैनीताल बैंक लिमिटेड के लिए परिचालन सुदृढ़ता, अनुशासित क्रियान्वयन और संस्थागत सुदृढ़ीकरण का एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा। पूरे वर्ष बैंक ने निरंतर वित्तीय प्रदर्शन बनाए रखते हुए डिजिटल रूपांतरण को गति प्रदान की तथा जमीनी स्तर पर अपनी बाजार पहुंच को और अधिक सुदृढ़ किया। अनुशासित पूंजी आवंटन एवं सक्रिय जोखिम प्रबंधन ढाँचे के मार्गदर्शन में बैंक ने गतिशील एवं चुनौतीपूर्ण परिचालन परिवेश का सफलतापूर्वक सामना किया और साथ ही ग्राहकों के विश्वास तथा उत्कृष्ट सेवा के प्रति अपनी मूल प्रतिबद्धता को अक्षुण्ण रखा।

सुदृढ़ लाभप्रदता एवं परिचालन गति

वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने अनुशासित एवं पूंजी–कुशल वित्तीय प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शन की प्रमुख उपलब्धि कर–पश्चात लाभ (PAT) में वर्ष–दर–वर्ष लगभग 25% की उल्लेखनीय वृद्धि रही। अग्रिमों के पोर्टफोलियो में 10.55% की वृद्धि के परिणामस्वरूप बैंक ने कुल 6.75% की समग्र वृद्धि दर दर्ज की। परिचालन दक्षता एवं मार्जिन संरक्षण पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए बैंक ने CASA अनुपात 40% से अधिक बनाए रखा। इससे शुद्ध मार्जिन को सुरक्षित रखने तथा उच्च लागत वाली थोक जमाराशियों पर निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

सुदृढ़ परिसंपत्ति गुणवत्ता

बैंक की आय में वृद्धि के साथ–साथ ऋण स्वीकृति की गुणवत्ता तथा प्रभावी समाधान तंत्र पर भी विशेष एवं निरंतर ध्यान दिया गया। इसके परिणामस्वरूप परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया

1. शुद्ध गैर–निष्पादित परिसंपत्तियाँ (Net NPA) घटकर मात्र 0.27% रह गईं।
2. प्रावधान कवरेज अनुपात (PCR) 94.01% के उत्कृष्ट स्तर पर पहुँच गया, जो बैंक की बैलेंस शीट की सुदृढ़ता, जोखिम–रोधक क्षमता तथा उच्च गुणवत्ता वाली परिसंपत्ति संरचना को दर्शाता है।

साइबर सुरक्षा एवं प्रौद्योगिकी संरचना

डिजिटल विस्तार के साथ–साथ मजबूत एवं संस्थागत स्तर की साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा। उभरते साइबर खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बैंक ने रियल–टाइम थ्रेट मॉनिटरिंग, जीरो–ट्रस्ट नेटवर्क प्रोटोकॉल तथा सुदृढ़ साइबर–इंसिडेंट रिस्पॉन्स फ्रेमवर्क को और मजबूत किया। हमारे कोर बैंकिंग सिस्टम (Finacle CBS) में स्वचालन को व्यापक रूप से सुदृढ़ किया गया। नियामकीय एवं कर संबंधी वैलिडेशन, क्लियरिंग प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा उन्नत मल्टी–फैक्टर ऑथेंटिकेशन के कार्यान्वयन के माध्यम से प्रत्येक ग्राहक के लिए सुरक्षित, निर्बाध एवं सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की गई।

रणनीतिक शाखा विस्तार

डिजिटल बैंकिंग चौनलों को पूरक बनाने के उद्देश्य से बैंक ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा एवं राजस्थान में अपनी शाखा नेटवर्क की रणनीतिक पहुंच को और व्यापक किया। उच्च क्षमता वाले अर्ध–शहरी एवं ग्रामीण आर्थिक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करते हुए बैंक का शाखा नेटवर्क रिटेल, कृषि एवं MSME (RAM) ग्राहकों के अधिग्रहण एवं सेवा के लिए महत्वपूर्ण संबंध–केंद्रों के रूप में निरंतर अपनी भूमिका निभा रहा है।



Kuldeep Singh
(Executive Director)

Dear Shareholders,

Fiscal 2026 has been a landmark year of operational resilience, execution rigor, and institutional consolidation for The Nainital Bank Limited. Throughout the year, our institution delivered sustained financial performance while accelerating digital transformation and deepening our ground-level market reach. Guided by disciplined capital allocation and proactive risk frameworks, we successfully navigated a dynamic operating environment while maintaining our foundational commitment to client trust and service excellence.

Strong Profitability & Operational Momentum

During the fiscal year, the Bank delivered a disciplined, capital-efficient performance, headlined by a nearly 25% year-over-year increase in Profit After Tax (PAT). Driven by a 10.55% expansion in our advances portfolio, the Bank recorded an overall growth rate of 6.75%. Operational efficiency and margin defense remained strong as we maintained our CASA ratio above 40%, safeguarding net margins and reducing reliance on high-cost bulk deposits.

Robust Asset Quality

Our earnings growth was matched by an uncompromising focus on underwriting quality and intensive resolution mechanisms:

1. Net Non-Performing Assets (Net NPAs) fell sharply to 0.27%.
2. The Provision Coverage Ratio (PCR) reached an exceptional 94.01%, providing a resilient cushion and reflecting pristine balance sheet hygiene.

Cybersecurity & Technology Architecture

Digital expansion must be fortified by institutional-grade defense. We significantly enhanced our cybersecurity posture by integrating real-time threat monitoring, zero-trust network protocols, and robust incident response frameworks designed to neutralize emerging cyber threats. Across our Core Banking System (Finacle CBS), we deepened automation, deployed regulatory tax validations, streamlined clearing mechanisms, and rolled out advanced multi-factor authentication to ensure seamless, secure transactions for every customer.

Strategic Branch Expansion

To complement our digital channels, we focused on strategic network penetration across Uttarakhand, Uttar Pradesh, Delhi NCR, Haryana, and Rajasthan. By strengthening our presence in high-potential semi-urban and rural economic clusters, our branch footprint continues to serve as vital relationship hubs for Retail, Agri, and MSME (RAM) customer acquisition.

सतत विकास एवं उत्तरदायी बैंकिंग

हमारा विकास मॉडल व्यावसायिक सफलता को सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ संतुलित रूप से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण उपलब्ध कराने, जमीनी स्तर पर डिजिटल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने तथा अपनी कॉर्पोरेट कार्यप्रणाली में पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को समाहित करने के माध्यम से वित्तीय समावेशन को निरंतर आगे बढ़ाया गया। इसके साथ ही, बैंक ने अपने मानव संसाधन में भी निरंतर निवेश किया है। कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता निर्माण एवं कर्मचारी कल्याण से संबंधित विभिन्न पहलों के माध्यम से एक सक्षम, कुशल एवं भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया।

पुरस्कार एवं सम्मान

बैंक के अनुशासित क्रियान्वयन, सुदृढ़ कॉर्पोरेट गवर्नेंस मानकों तथा परिचालन सुधार एवं परिवर्तन को इस वर्ष विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योग मंचों पर सम्मान एवं मान्यता प्राप्त हुई। ये उपलब्धियाँ हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, परिश्रम एवं समर्पण का प्रमाण हैं तथा एक चुस्त, आधुनिक एवं ग्राहक–केंद्रित बैंकिंग संस्था के रूप में हमारे निरंतर परिवर्तन को भी प्रमाणित करती हैं।

भविष्य की दिशा

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बैंक की रणनीतिक प्राथमिकताएँ स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं। हमारा ध्यान निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा

1. रिटेल ऋण पोर्टफोलियो का जैविक विस्तार तथा नए ग्राहकों के अधिग्रहण (New-to-Bank) में तेजी लाना।
2. ग्राहक ऑनबोर्डिंग एवं ऋण स्वीकृति प्रक्रियाओं में Straight-Through Processing (STP) को और अधिक व्यापक बनाना।
3. केंद्रीकृत प्रसंस्करण एवं परिचालन प्रक्रियाओं के पुनर्रचना (Operational Re-engineering) के माध्यम से Cost-to-Income Ratio को अनुकूलित करना।
4. एकीकृत, सुरक्षित एवं निर्बाध Omni-channel बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाना।

आभार

मैं बैंक के निदेशक मंडल के प्रति उनके निरंतर मार्गदर्शन, दूरदर्शिता एवं प्रभावी कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। मैं बैंक की सभी शाखाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों में कार्यरत अपने कर्मचारियों के प्रति भी उनके समर्पण, अथक परिश्रम एवं दृढ़ता के लिए हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

सर्वोपरि, मैं हमारे सम्मानित ग्राहकों, नियामकीय प्राधिकरणों एवं शेयरधारकों के प्रति उनके निरंतर विश्वास, सहयोग एवं समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

आपके विश्वास और सहयोग से हम द नैनीताल बैंक लिमिटेड को एक भविष्य के लिए तैयार, सुदृढ़, कुशल एवं उच्च प्रदर्शन करने वाली बैंकिंग संस्था के रूप में निरंतर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

Sustainability & Responsible Banking

Our growth model purposefully unites commercial success with societal responsibility. We advanced financial inclusion through priority-sector credit delivery, expanded digital literacy at the grassroots, and integrated environmental stewardship into our corporate practices. Simultaneously, we invested heavily in our workforce through skilling, leadership development, and employee welfare initiatives.

Awards & Recognition

The Bank's disciplined execution, governance standards, and operational turnaround were acknowledged across various industry forums this year. These accolades serve as a testament to the dedication of our workforce and validate our transition into an agile, modern banking institution.

The Way Forward

In the upcoming fiscal year, our strategic priorities are clearly defined:

1. Driving organic retail book expansion and aggressive new-to-bank (NTB) customer acquisition.
2. Deepening Straight-Through Processing (STP) across customer on boarding and credit underwriting.
3. Optimizing cost-to-income through centralized processing and operational re-engineering.
4. Enhancing customer experience across an integrated, secure Omni-channel delivery framework.

Acknowledgements

I convey my deepest gratitude to the Board of Directors for their guidance and governance. I extend my heartfelt appreciation to our employees across all branches and administrative offices for their dedication, hard work, and resilience. Above all, I thank our valued customers, regulatory authorities, and shareholders for their continued trust and collaboration as we build a future-ready, high-performing bank.

निदेशक मंडल / BOARD OF DIRECTORS



Gopal Singh Gusain
Non-Executive
Independent Chairperson



Sushil Kumar Lal
(Managing Director &
Chief Executive Officer)



Binita Shah
(Non-Executive
Independent Director)



Manoj Sharma
(Non-Executive
Independent Director)
Exit on 08.04.2026



U.C. Nahta
(Non-Executive
Independent Director)
Exit on 28.07.2026



Neelam Damodharan
Non-Executive
Independent Director



Rakesh Nema
(Non-Executive
Non-Independent Director)
Exit on 23.03.2026



Manas Ranjan Biswal
(Non-Executive
Independent Director)



Manish Kaura
(Non-Executive
Non-Independent
Director)



Ashok Moharana
(Additional Non-Executive
Non-Independent
Director)



Balu Kenchappa
(Additional Non-Executive
Independent Director)



Kuldeep Singh
(Executive Director)

हमारी प्रबंधन टीम / OUR MANAGEMENT TEAM

Anil Kumar
Chief Operating Officer

Sumanta Chakrabarti
Chief Financial Officer

Kailash Pandey
Chief Compliance Officer

Mohd. Mohsin Islam
Chief Risk Officer

Saurabh Agarwal
Chief Technology Officer

Jitendar Kumar Bharti
Chief Information Security Officer

Pranshu Tripathi
Chief of Vigilance, Legal

Vivek Sah
Company Secretary

Deepak Bisht
Vice President

Rahul Pradhan
Vice President

Mukul Sanwal
Vice President

Anil Joshi
Head of Inspection

Abisekh Goyal
Credit

Sunny Mehra
Planning, Marketing, CSR

Hemant Khulbe
Human Resource

Pankaj Kaushik
Operations

Rajendar Saini
IT Projects

Mohit Agarwal
IT Projects

Deepak Rautela
Project Management Office

Sandeep Mehta
Stressed Assets


Nainital Bank
amulya rishta ka atoot bandhan
NAINI NEO
MOBILE BANKING
Smart, secure and convenient banking at your fingertips
Transfers & Payments
Customer Registration through Debit Card
Customer Registration through Branch Token
Self-Account Transfer
Within Bank Transfer
Other Bank Transfer (NEFT & RTGS)
Manage Beneficiary
Bill Payment (BBPS)
Registered Bill Payment
Positive Pay
Accounts & Statements
All Account List
Account Details
Mini Statement
Account Statement View, Download & Email
Operative Accounts
Balance Enquiry
Cheque Enquiry
Deposits & More
Open Fixed / Recurring Deposit
FD & RD Closure / Pre-closure
Nominee Addition
View Interest Rates / Deposit Receipts Online
Deposit Calculator
EMI and RD/FD Calculator
Banner Display for New Products & Offers
Security, Access & Support
Biometric Login
Generate & Change MPIN / TPIN
Reset TPIN / Forgot MPIN
Change Profile Photo
View Profile
FAQs & Contact Us
Security Tips & Branch / ATM Locator
Complaints & Customer Support
5:02
NAINI NEO
Mobile Banking App
Good Evening!
ABHINAV PRATIK
Savings Account
XXXXXXXXXXXX1989
XXXX
Available Balance
Account Details
OverDraft Account
XXXXXXXXXXXX0019
XXXX
Available Balance
Account Details
Swipe to Send Money
Open or View FD/RD
Loans
Manage Beneficiary
Service Request
Demat Account Opening
Open NPS Account
Bill Payments
नैनीताल बैंक
NAINITAL BANK
लखपति निवेश योजना
LAKHPATI INVESTMENT PLAN (LIP)
Security Tips
FAQs
Change PIN
Scan to Download
Download the Naini Neo App Today
Bank anytime, anywhere with confidence
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Scan to Download
Follow Us
Nainital Bank
nainital_bank
@LtdNainital
Nainital Bank
www.nainitalbank.bank.in
marketing@nainitalbank.co.in

विषय–सूची / CONTENTS

1	निदेशकों की रिपोर्ट Directors' Report	18
2	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट Auditor's Report	84
3	31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र Balance Sheet as on 31st March, 2026	98
4	31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ–हानि खाता Profit & Loss Account for the year ended 31st March, 2026	100
5	31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वर्ष के नकदी प्रवाह का विवरण Statement of Cash Flow for the year ended 31st March, 2026	102
6	तुलन–पत्र की अनुसूचियां Schedules to Balance Sheet	104
7	खातों पर टिप्पणियां Notes on Accounts	126
8	बेसल–III पिलर–3 प्रकटीकरण Basel–III Pillar–3 Disclosures	200
9	हमारी शाखाएँ Our Branch Network	236

निदेशक मंडल की 104वीं रिपोर्ट (2025–26)

प्रिय सदस्यों,

आपके निदेशकों को द नैनीताल बैंक लिमिटेड (''बैंक'') की 104वीं वार्षिक निदेशक रिपोर्ट को 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के साथ प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

वित्तीय मुख्य बिंदु

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2025–26	वित्त वर्ष 2024–25
कुल आस्तियाँ	9890.22	9360.48
शुद्ध अग्रिम	5228.33	4663.94
बैंक की जमाराशियाँ	8623.67	8255.82
कुल आय	775.26	751.85
प्रावधान एवं आकस्मिकताओं को छोड़कर कुल व्यय	658.93	662.83
परिचालन लाभ	116.33	89.03
कर प्रावधान को छोड़कर प्रावधान एवं आकस्मिकताएँ	31.53	25.72
कर पूर्व लाभ	84.80	63.30
कर प्रावधान	21.55	12.69
कर पश्चात लाभ	63.25	50.61
गत वर्ष से आगे लाई गई अधिशेष राशि	0.00	0.00
विनियोजन हेतु उपलब्ध राशि	-	-
घटाएँ: विनियोजन		
बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 17 के अंतर्गत सांविधिक आरक्षित निधि	15.81	12.65
पूंजीगत आरक्षित निधि में अंतरण	0.00	0.00
विशेष आरक्षित निधि में अंतरण	2.49	1.56
निवेश उतार–चढ़ाव आरक्षित निधि खाते में अंतरण	0.00	0.00
भुगतान किया गया लाभांश	0.00	0.00
तुलन पत्र में आगे ले जाई गई अधिशेष राशि	44.94	36.40

व्यावसायिक प्रदर्शन एवं अनुपात

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2025–26	वित्त वर्ष 2024–25
मांग जमाराशि	503.81	488.40
बचत बैंक जमाराशि	2987.23	2935.66
कासा जमाराशि	3491.04	3424.06
कुल जमाराशियों में कासा जमाराशि का अनुपात	40.48%	41.47%
खुदरा जमाराशि	6272.95	6024.45
मीयादी जमाराशि	5132.63	4831.76
कुल जमाराशि	8623.67	8255.82
थोक जमाराशि	517.71	671.67
सकल अग्रिम	5494.35	4969.86
खुदरा अग्रिम	3008.06	2452.52
एमएसएमई	1047.48	1098.75
कॉरपोरेट	55.40	81.92
कृषि	788.82	837.95
अन्य एवं आईबीपीसी	594.59	498.72
कुल कारोबार	14118.02	13225.68
भुगतान किया गया ब्याज	395.22	399.59
प्राप्त ब्याज	725.47	710.41
जमाराशि की लागत (%)	4.92	5.04
अग्रिमों पर प्रतिफल (%)	8.84	8.94
शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई)	330.25	310.82
शुद्ध ब्याज मार्जिन (%)	3.64	3.30
परिचालन लाभ	116.33	89.03
शुद्ध लाभ	63.24	50.61
प्रति कर्मचारी मुख्य कारोबार	11.47	10.81
सकल एनपीए	271.6	386.20
सकल अग्रिमों में एनपीए का प्रतिशत	4.95	7.78
शुद्ध एनपीए	14.15	25.92
शुद्ध अग्रिमों में शुद्ध एनपीए का प्रतिशत	0.27	0.56
प्रावधान कवरेज अनुपात (%)	94.01	92.67
ऋण–जमा अनुपात (%)	63.71	60.20%
सीआरएआर –बेसल III (%)	18.96	16.76
आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) (%)	0.72	0.61
लागत–आय अनुपात (सीआई–आर) (%)	69.39	74.73
इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) (%)	6.66	6.27

104th REPORT OF THE BOARD OF DIRECTORS (2025-26)

Dear Members,

Your Directors have pleasure in presenting the 104th One Hundred and Fourth Directors' Report of The Nainital Bank Limited ("Bank") together with the audited Financial Statements for the Financial Year ("FY") ended 31st March 2026.

FINANCIAL HIGHLIGHTS

(₹ In Crore)

Particulars	FY 2025-26	FY 2024-25
Total Assets	9890.22	9360.48
Net Advances	5228.33	4663.94
Bank Deposits	8623.67	8255.82
Total Income	775.26	751.85
Total Expenditure, excluding provisions and contingencies	658.93	662.83
Operating Profit	116.33	89.03
Provisions and Contingencies, excluding Provision for Tax	31.53	25.72
Profit Before Tax	84.80	63.30
Provision for Taxes	21.55	12.69
Profit After Tax	63.25	50.61
Add: Surplus brought forward from the previous year	0.00	0.00
Amount available for appropriation	-	-
Less: Appropriations		
Statutory Reserve under Section 17 of the Banking Regulation Act, 1949	15.81	12.65
Transfer to Capital Reserve	0.00	0.00
Transfer to Special Reserve	2.49	1.56
Transfer to Investment Fluctuation Reserve Account	0.00	0.00
Dividend paid	0.00	0.00
Surplus carried to Balance Sheet	44.94	36.40

BUSINESS PERFORMANCE & RATIOS

(₹ In Crore)

Particulars	FY 2025-26	FY 2024-25
Demand Deposit	503.81	488.40
Savings Bank Deposit	2987.23	2935.66
CASA Deposit	3491.04	3424.06
CASA deposit to Total Deposit	40.48%	41.47%
Retail Deposit	6272.95	6024.45
Term Deposit	5132.63	4831.76
Total Deposit	8623.67	8255.82
Bulk Deposit	517.71	671.67
Advances (Gross)	5494.35	4969.86
Retail Advances	3008.06	2452.52
MSME	1047.48	1098.75
Corporate	55.40	81.92
Agriculture	788.82	837.95
Others & IBPC	594.59	498.72
Total Business	14118.02	13225.68
Interest Paid	395.22	399.59
Interest Received	725.47	710.41
Cost of Deposit%	4.92	5.04
Yield on Advances%	8.84	8.94
Net Interest Income - NII	330.25	310.82
Net Interest Margin%	3.64	3.30
Operating Profit	116.33	89.03
Net Profit	63.24	50.61
Core Business per Employee	11.47	10.81
Gross NPA	271.6	386.20
% of NPA to Gross Advances	4.95	7.78
Net NPA	14.15	25.92
Net NPA % to Net Advances	0.27	0.56
Provision Coverage Ratio (%)	94.01	92.67
Credit Deposit Ratio (%)	63.71	60.20%
CRAR - BASEL III (%)	18.96	16.76
Return on Asset (R-O-A)%	0.72	0.61
Cost Income Ratio (C-I-R)%	69.39	74.73
Return on Equity (R-O-E)%	6.66	6.27

व्यावसायिक अवलोकन

वित्त वर्ष 2026 में चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिदृश्य के बावजूद बैंक ने परिचालन दक्षता में सुधार तथा संतोषजनक आय अर्जित की। अनुशासित जोखिम प्रबंधन एवं सुदृढ़ अनुपालन ढाँचे के परिणामस्वरूप तुलन पत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जिससे कुल कारोबार में 6.75% की वृद्धि दर्ज की गई। यह विस्तार मुख्यतः अग्रिमों में 10.55% की वृद्धि तथा आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार से प्रेरित रहा, जिसमें एनएनपीए (NNPA) अनुपात 0.27% तक कम होना तथा प्रावधान कवरेज अनुपात (PCR) 94.01% तक बढ़ना शामिल है। इन सुधारों के परिणामस्वरूप कर पश्चात लाभ (PAT) में लगभग 25% की वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, 40% से अधिक का निरंतर कासा (CASA) अनुपात बैंक को संरचनात्मक लागत लाभ प्रदान करता रहा, जिससे तरलता और लाभ में वृद्धि होती है। अंततः, उत्तराखंड का 'सर्वाधिक प्रशंसित बैंक' बनने की हमारी परिकल्पना में आंकड़ों से अधिक लोगों को प्राथमिकता दी गई है। वित्त वर्ष 2027 में प्रवेश करते हुए हमारी रणनीतिक प्राथमिकता स्वाभाविक विस्तार, अनुपालन–आधारित एवं सतत विकास पर केंद्रित है, जो जोखिम को संतुलित करता है और हमारे हितधारकों को लाभान्वित करता है।

बैंक के व्यवसाय मॉडल को खुदरा ऋण, सेवा क्षेत्र के वित्तपोषण तथा स्थिर कासा आधार के विकास को प्राथमिकता देने के लिए पुनर्संरेखित किया जा रहा है, जिससे आस्तियों एवं देयताओं दोनों में स्वाभाविक विस्तार को गति मिलेगी। प्रमुख विकास चालकों में परिचालन लागत को कम करने तथा अनुपालन ढाँचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रौद्योगिकी को तीव्र गति से अपनाना, थोक एवं खुदरा क्षेत्रों के माध्यम से जमाराशि जुटाने के साथ ऋण पोर्टफोलियो का स्वाभाविक विस्तार, तथा खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (RAM) पोर्टफोलियो पर प्राथमिक रणनीतिक ध्यान केंद्रित करना शामिल है। इसके साथ–साथ बैंक अपने कासा जमा आधार में निरंतर वृद्धि करने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है।

भविष्य में बैंक की वृद्धि को बाजार में गहन पैठ तथा अनुकूलित खुदरा एवं एमएसएमई उत्पादों के सक्रिय विपणन से गति प्रदान की जाएगी। इस दिशा में प्रमुख उत्पादों में हमारा नया नैनी ऑरा गोल्ड लोन, जो बैंक के लिए प्रमुख प्राथमिकता का क्षेत्र बना हुआ है, के साथ–साथ लीज रेंटल फाइनेंसिंग, होम लोन (अपना आशियाना) एवं कार लोन (सुहाना सफर) शामिल हैं। एमएसएमई वित्तपोषण के अंतर्गत विस्तार को लक्षित होटल व्यवसायी योजनाओं, व्यापार सुविधा, उद्योग प्रसार तथा नैनी कमर्शियल व्हीकल लोन के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही, बैंक व्यापक वेल्थ मैनेजमेंट उत्पादों की पेशकश तथा अपने प्रमुख स्कूल शुल्क एवं हॉस्पिटल बिल कलेक्शन मॉड्यूल्स के विस्तार के माध्यम से शुल्क–आधारित आय बढ़ाने पर भी केंद्रित है। बैंक स्थानीय औद्योगिक, कृषि एवं सेवा क्षेत्र के विस्तार को गति देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमारी व्यापक ऋण व्यवस्था जिसमें–कार्यशील पूंजी ऋण, सावधि वित्तपोषण एवं अनुकूलित ऋण सुविधाएँ शामिल हैं एमएसएमई, मध्यम आकार के कॉरपोरेट्स, किसानों एवं सेवा क्षेत्र के उद्यमों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रणनीतिक रूप से संरेखित है। हमारे परिचालन राज्यों में प्रस्तावित विस्तार (नई शाखाओं) तथा त्वरित प्रसंस्करण हेतु समर्पित इकाइयों के माध्यम से बैंक का उद्देश्य उत्तराखंड एवं पड़ोसी राज्यों की विकास यात्रा को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

बैंक एक ओर अपने भौतिक शाखा नेटवर्क का विस्तार करेगा, वहीं दूसरी ओर युवा एवं तकनीक–प्रेमी ग्राहकों को आकर्षित करने तथा मौजूदा ग्राहकों के साथ संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए डिजिटल बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत करेगा। अपने डिजिटल आधारभूत ढांचे में निरंतर निवेश के माध्यम से बैंक नई स्व–सेवा ग्राहक यात्राएँ (Self-Service Customer Journeys) शुरू करेगा तथा उच्च प्रणाली उपलब्धता और सुदृढ़ साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने आईटी आधारभूत ढाँचे को और मजबूत करेगा। हमारे प्रमुख मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन 'नैनी नियो' के सफल शुभारंभ के पश्चात, बैंक इस वर्ष प्रतिस्पर्धी एवं बाजार–अनुरूप डिजिटल सेवाएँ शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त, बैंक परिचालन दक्षता बढ़ाने एवं ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक केंद्रीकृत खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र 'नैनी राह' प्रारंभ किया गया है। ये प्रयास, न्यू–टू–बैंक (NTB) ग्राहकों को शामिल करने पर हमारे विशेष जोर को सीधा समर्थन प्रदान करती है जिससे बैंक के समग्र ग्राहक एवं व्यवसाय आधार का विस्तार होगा।

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

हालिया आर्थिक सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि गहरे संरचनात्मक प्रतिकूल कारकों तथा बढ़ती नीतिगत अनिश्चितता ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि की रूपरेखा में स्पष्ट कमजोरी उत्पन्न की है। वर्तमान परिचालन जोखिम मुख्यतः बढ़ते वैश्विक संघर्षों एवं बढ़ते भू–राजनीतिक ध्रुवीकरण से जुड़े हुए हैं। इन संकट बिंदुओं ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित करने के साथ–साथ प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों को भी अस्थिर किया है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापक आपूर्ति श्रृंखला अवरोध, बढ़ी हुई लॉजिस्टिक्स लागत तथा कमोडिटी कीमतों में अधिक अस्थिरता उत्पन्न हुई है। यदि इन व्यवधानों को कम नहीं किया गया, तो ये लगातार बनी रहने वाली चुनौतियाँ व्यापक आर्थिक सुधार के लिए संरचनात्मक जोखिम उत्पन्न कर सकती हैं तथा वैश्विक व्यापार की तरलता को प्रभावित करने और अंतरराष्ट्रीय पूंजी आवंटन की धारणा को कमजोर करने का कारण बन सकती हैं।

जोखिमों को अवशोषित करने की क्षमता के दृष्टिकोण से भारत का घरेलू व्यापक आर्थिक परिदृश्य अत्यंत सुदृढ़ बना हुआ है तथा बढ़ते वैश्विक व्यवधानों का इस पर सीमित प्रभाव दिखाई देता है। यह स्थिरता एक सुव्यवस्थित राजकोषीय ढाँचे, मजबूत आधारभूत आर्थिक वृद्धि तथा अनुकूल मुद्रास्फीति परिदृश्य पर आधारित है, जो क्रमिक रूप से बढ़ते मामूली दबावों के बावजूद व्यापक रूप से नियंत्रित बना हुआ है। हाल में किए गए जीएसटी युक्तिकरण उपायों से निजी उपभोग को गति मिलने की संभावना है, जो सेवा क्षेत्र में दिखाई दे रही स्थिर गति को और मजबूत करेगा। महत्वपूर्ण रूप से, कॉरपोरेट तुलन–पत्रों एवं बैंकिंग

Business Overview

The bank achieved improved operational efficiency and modest earnings in Fiscal 2026, despite a challenging landscape. Disciplined risk management and robust compliance framework drove healthy balance sheet growth, leading to a 6.75% increase in total business. This expansion was anchored by a 10.55% rise in advances and significant improvements in asset quality, including a reduced NNPA ratio of 0.27% and an elevated PCR of 94.01%, which fueled a nearly 25% spike in profit after tax (PAT). Furthermore, a sustained CASA ratio above 40% provided structural cost advantages, boosting liquidity and profit margins. Ultimately, our vision to be Uttarakhand's 'Most Admired Bank' prioritizes people above numbers. Entering Fiscal 2027, our strategic focus centers on organic, compliant, and sustainable growth that balances risk while rewarding our stakeholders.

The business model is being realigned to prioritize retail lending, service sector financing, and steady CASA base growth, driving organic expansion across both assets and liabilities. Key growth drivers include accelerated technology adoption to lower operating costs and enhance compliance framework, organic loan book expansion alongside deposit mobilization through the bulk retail segment, with a primary strategic focus on our Retail, Agriculture, and MSME (RAM) portfolio, and the continuous augmentation of our CASA base.

In future, our growth will be enabled by deep market penetration and the proactive marketing of our tailored retail and MSME product suites. Key offerings driving this momentum will include our new Naini Aura Gold Loan - which remains a prime focus area - alongside Lease Rental Financing, Home Loan (Apna Ashiana), and Car Loan (Suhana Safar). Within MSME financing, expansion will be spearheaded by our targeted Hotelier Schemes, Vyaapar Suvidha, Udyog Prasar, and the Naini Commercial Vehicle Loan. We are concurrently focused on expanding our fee-based income by offering comprehensive Wealth Management Products and scaling our flagship School Fees and Hospital Bill Collections modules. We are also committed towards driving local industrial, agro, and service sector expansion. Our comprehensive credit ecosystem - spanning working capital loans, term finance, and custom facilities is strategically aligned to empower MSMEs, mid-sized corporates, farmers, and service enterprises. With proposed expansion (new branches) in our operating states and dedicated units for fast processing, the Bank aims to play a pivotal role in fueling the growth trajectory of the state of Uttarakhand and our neighboring states.

The bank will be expanding brick-and-mortar network while simultaneously strengthening the digital banking ecosystem to attract younger, tech-savvy customers and deepen relationships with existing clientele. By investing continuously in our digital core, the bank will launch new self-service customer journeys and reinforce our IT backbone to ensure high system uptime and robust cybersecurity. Following the successful launch of our flagship mobile banking application, Naini Neo, we are committed to rolling out competitive, market-aligned digital services this year. Furthermore, the bank has introduced a centralized retail loan processing hub, Naini ₹@h, to enhance operational efficiency and elevate customer experience. These initiatives directly support our aggressive focus on onboarding New-to-Bank (NTB) customers to expand our overall franchise.

Global Economic Outlook

The recent Economic Surveys indicates that deep-seated structural headwinds and heightened policy ambiguity have induced a clear fragility within the global growth framework. The prevailing operational risks are heavily anchored in expanding global conflicts and geopolitical polarization. These crisis points have undermined international energy security and destabilized key maritime trade arteries, resulting in widespread supply chain blockages, inflated logistics costs, and heightened commodity price volatility. Left unmitigated, these persistent disruptions present a structural threat to the broader economic recovery, frequently compressing global trade liquidity and dampening international capital allocation sentiment.

From a risk-absorption perspective, India's domestic macroeconomic landscape stands out as highly resilient, showing little impact from escalating global disruptions. This stability is rooted in an orderly fiscal framework, strong baseline growth, and a favorable inflation matrix that remains well-anchored despite mild, sequential upward pressures. Private consumption is poised to gain traction from recent GST rationalisation measures, complementing the steady momentum observed in the services sector. Crucially, the systemic risk profile is heavily mitigated by the excellent financial health of both corporate balance sheets and banking institutions. On the supply side, the Union Budget's sharp focus on boosting domestic manufacturing across key strategic corridors provides an insulation layer

संस्थानों की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति के कारण प्रणालीगत जोखिम का प्रभाव काफी हद तक कम हुआ है। आपूर्ति पक्ष पर, केंद्रीय बजट द्वारा प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर दिया गया विशेष जोर अंतरराष्ट्रीय व्यापार से उत्पन्न कमजोरियों के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच प्रदान करता है।


इन बाहरी अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का आधारभूत आर्थिक वृद्धि परिदृश्य मजबूत संरचनात्मक सुरक्षा उपायों के कारण अत्यंत अनुकूल बना हुआ है। सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा सक्रिय एवं समन्वित नीतिगत हस्तक्षेपों से घरेलू व्यापक आर्थिक स्थिरता को सुरक्षित रखने तथा चालू खाते एवं विनिमय दर पर सीमा–पार दबावों को प्रभावी रूप से कम करने की अपेक्षा है। तथापि, आपूर्ति पक्ष की कुछ कमजोरियाँ बनी हुई हैं। अल नीनो से संबंधित मौसम संबंधी व्यवधान तथा सामान्य से कम मानसून की संभावनाएँ उत्पादन की गति एवं मूल्य स्थिरता, दोनों के लिए नकारात्मक जोखिम उत्पन्न कर सकती हैं। इस परिदृश्य में, RBI ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.7% तथा मौद्रिक नीति समिति ने 6.9% रहने का अनुमान व्यक्त किया है, जबकि हेडलाइन मुद्रास्फीति 5.1% रहने का अनुमान है। यह कड़े नियामकीय पर्यवेक्षण के अंतर्गत सुदृढ़ आर्थिक वृद्धि की दिशा को रेखांकित करता है।

बदलता हुआ व्यापक आर्थिक परिदृश्य भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए रणनीतिक अवसरों एवं परिचालन चुनौतियों की दोहरी स्थिति प्रस्तुत करता है। घरेलू बैंकिंग प्रणाली एनपीए के कई दशकों के निम्न स्तर, मजबूत जोखिम–भारित आस्तियों के सापेक्ष पूंजी अनुपात (CRAR) तथा निरंतर लाभप्रदता के आधार पर उल्लेखनीय वित्तीय सुदृढ़ता प्रदर्शित कर रही है। यह संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करती है कि वाणिज्यिक बैंक जोखिमों को वहन करने तथा निजी क्षेत्र में बढ़ती ऋण मांग को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से पूंजीकृत बने रहें। ऋण वृद्धि के लिए आगे की संभावनाएँ अत्यंत अनुकूल बनी हुई हैं, जिन्हें मजबूत घरेलू आर्थिक आधारों तथा खुदरा एवं एमएसएमई क्षेत्रों में बढ़ती ऋण अवशोषण क्षमता का समर्थन प्राप्त है। आपूर्ति पक्ष पर, निरंतर नीतिगत समर्थन तथा घरेलू विनिर्माण अवसंरचना को मजबूत करने पर स्पष्ट राजकोषीय प्राथमिकता इस गति को और सुदृढ़ कर रही है, जिससे बैंकिंग ऋण पुस्तिका के विस्तार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो रहा है। तथापि, वैश्विक व्यापार के विखंडन, भू–राजनीतिक तनावों तथा बाहरी वित्तीय बाजारों में अस्थिरता से उत्पन्न जोखिमों को देखते हुए भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में निरंतर सतर्कता एवं विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन आवश्यक है।

वैश्विक व्यवधानों एवं बदलती व्यापक आर्थिक शक्तियों के प्रत्युत्तर में बैंक उच्च स्तर की परिचालन सतर्कता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक इन जटिल परिस्थितियों से निपटने के लिए संरचनात्मक रूप से सुदृढ़ स्थिति में है, जो दीर्घकालिक तुलन–पत्र स्थिरता तथा सतत परिचालन सुदृढ़ता बनाए रखने में सक्षम बनाती है।


ऋण परिनियोजन

बैंक के सकल अग्रिम 31 मार्च 2025 को ₹4,969.86 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2026 को बढ़कर ₹5,494.34 करोड़ हो गए, जो गत वर्ष की तुलना में 10.55% की वृद्धि दर्शाता है।



प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण

बैंक ने सामाजिक बैंकिंग के अंतर्गत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। बैंक का प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिम भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 40% की नियामकीय आवश्यकता से लगातार अधिक रहा हैं। 31 मार्च 2026 को बैंक के सकल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम ₹2,867.02 करोड़ रहा, जबकि 31 मार्च 2025 को यह ₹2,656.96 करोड़ था, जो समायोजित निवल बैंक ऋण (ANBC) का 52.96% है।बैंक का कृषि ऋण ₹1,070.97 करोड़ रहा, जो समायोजित निवल बैंक ऋण (ANBC) का 19.78% है। यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 18% के न्यूनतम मानदंड से अधिक है।



जमाराशि का संग्रहण

बैंक की कुल जमाराशियाँ 31 मार्च 2025 को ₹8,255.82 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2026 को बढ़कर ₹8,623.67 करोड़ हो गईं, जो 4.46% की वृद्धि दर्शाती हैं। कम लागत वाली जमाराशियों का हिस्सा 31 मार्च 2026 को 40.48% रहा, जबकि 31 मार्च 2025 को यह 41.47% था। बैंक की जमाराशियों की लागत 31 मार्च 2025 के 5.04% से घटकर 31 मार्च 2026 को 4.92% हो गई।

against international trade vulnerabilities.


Despite these external uncertainties, India's baseline growth outlook remains highly favorable, anchored by robust structural buffers. Proactive, synchronized policy interventions by both the Government and the RBI are expected to insulate domestic macroeconomic stability, effectively mitigating cross-border pressures on the current account and the exchange rate. Nonetheless, supply-side vulnerabilities persist, with El Niño-related weather disruptions and the potential for a below-normal monsoon presenting downside risks to both output momentum and price stability. Against this backdrop, the RBI projects real GDP growth at 6.7% and Monetary Policy Committee Projects it at 6.9% and headline inflation at 5.1% for the Financial Year 2026 - 27, underscoring a trajectory of resilient growth managed under strict regulatory vigilance.

The evolving macroeconomic landscape presents a dual dynamic of strategic opportunities and operational challenges for the Indian banking sector. The domestic banking system demonstrates exceptional financial resilience, backed by multi-decade lows in non-performing assets (NPAs), robust capital-to-risk-weighted asset ratios, and sustained profitability. This structural strength ensures that commercial institutions remain optimally capitalized to absorb risk and efficiently service accelerating private sector credit expansion. The forward runway for credit growth remains highly favorable, driven by a convergence of strong domestic fundamentals and accelerating credit absorption within the retail and MSME segments. On the supply side, this momentum is strongly reinforced by continuous policy enablers and a clear fiscal priority placed on bolstering domestic manufacturing infrastructure, creating an excellent environment for banking book expansion. However, the Indian Banking sector, risks from global trade fragmentation, geo-political tensions and external financial market volatility warrant continued vigilance and prudent risk management across the sector.

In response to the global disruptions and shifting macroeconomic forces, the Bank remains committed to a posture of heightened operational vigilance. The Bank is structurally well-positioned to navigate these complexities, which enables long-term balance sheet stability and sustained operational resilience.


Credit Deployment

The Gross Advances of the Bank increased to ₹5494.34 Crore as on 31.03.2026 from ₹4969.86 Crore as on 31.03.2025, showing an increase of 10.55% over previous year.




Priority Sector Lending

The Bank has maintained its focus on meeting commitments under social banking. The Priority Sector Advances of the Bank continued to be higher than regulatory stipulation of RBI @ 40%. The Gross Priority Sector Advances of the Bank stood at ₹2867.02 Crore as on 31.03.2026 against ₹2656.96 Crore as on 31.03.2025 representing 52.96% of Adjusted Net Bank Credit (ANBC). The agriculture credit stood at ₹1070.97 crore constituting 19.78% of Adjusted Net Bank Credit (ANBC), against the minimum norms of 18% laid down by the Reserve Bank of India.



Deposit Mobilization

Total Deposits of the Bank increased to ₹8623.67 Crore as on 31.03.2026 from ₹8255.82 Crore as on 31.03.2025 registering a growth of 4.46%. Share of low-cost deposits stood at 40.48% as on 31.03.2026 which was 41.47% as on 31.03.2025. The Cost of deposits decreased to 4.92% as on 31.03.2026 from 5.04% as on 31.03.2025.



निवेश परिचालन

31 मार्च 2026 को विभिन्न प्रतिभूतियों में बैंक का कुल सकल निवेश ₹1,618.29 करोड़ रहा, जबकि 31 मार्च 2025 को यह ₹1,856.88 करोड़ था। कुल निवेश में से 41.28% प्रतिभूतियाँ ''बिक्री हेतु उपलब्ध (Available for Sale – AFS)'' श्रेणी में, 1.09% ''लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य (Fair Value Through Profit or Loss – FVTPL)'' श्रेणी में तथा शेष 57.63% प्रतिभूतियाँ ''परिपक्वता तक धारित (Held to Maturity – HTM)'' श्रेणी में वर्गीकृत थीं। निवेश संबंधी लेन–देन प्रतिफल को अधिकतम करने, मूल्यह्रास से निवेश पोर्टफोलियो की सुरक्षा करने तथा साथ ही पर्याप्त तरलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए गए।

आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन

बैंक का सकल एनपीए 31 मार्च 2025 को ₹386.20 करोड़ की तुलना में घटकर 31 मार्च 2026 को ₹271.60 करोड़ हो गया। बैंक चालू वित्त वर्ष के दौरान हाल ही में एनपीए बने खातों के साथ–साथ पुराने एनपीए खातों की वसूली एवं उन्नयन के लिए निरंतर प्रयासरत है। शुद्ध अग्रिमों की तुलना में शुद्ध एनपीए 0.27% के स्तर पर रहा। 31 मार्च 2026 को सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए 4.95% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 7.78% था। इसी प्रकार, शुद्ध अग्रिमों की तुलना में शुद्ध एनपीए 0.27% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 0.56% था।

आस्तियों का वर्गीकरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

	31.03.2026 तक		31.03.2025 तक	
	राशि	%	राशि	%
मानक	5214.17	95.05	4575.17	92.21
अल्प–मानक	45.99	0.88	55.84	1.31
संदिग्ध	155.92	2.99	250.87	6.49
हानि वाली आस्तियाँ	69.69	1.34	79.49	0.48
सकल अग्रिम (ब्याज सस्पेंस को छोड़कर)	**5485.77**	**100**	**4961.37**	**100**

मानव संसाधन पूंजी

हमारी मानव पूंजी हमारे प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की आधारशिला तथा हमारे रणनीतिक रूपांतरण की प्रमुख प्रेरक शक्ति बनी हुई है। निरंतर विकसित हो रहे वित्तीय परिदृश्य में बैंक निरंतर कौशल उन्नयन, नेतृत्व विकास एवं डिजिटल साक्षरता को प्राथमिकता देते हुए भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के विकास में निरंतर निवेश कर रहा है। विश्वास, समावेशन एवं सुरक्षा पर आधारित योग्यता–आधारित कार्य संस्कृति के माध्यम से बैंक उच्च क्षमता वाली प्रतिभाओं को आकर्षित करने एवं उन्हें बनाए रखने में सफल रहा है। उन्नत प्रौद्योगिकी ढाँचे के साथ अपनी मानव संसाधन रणनीति को समन्वित करते हुए बैंक ने एक ऊर्जावान एवं उच्च–प्रदर्शनकारी कार्य वातावरण विकसित किया है, जो परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाता है तथा हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक सतत मूल्य सुनिश्चित करता है।

31 मार्च 2026 तक बैंक का कुल कार्यबल 1,199 कर्मचारी था, जिसमें 3 प्रबंधन प्रशिक्षु शामिल हैं। इनमें 270 महिला कर्मचारी, 929 पुरुष कर्मचारी तथा कोई ट्रांसजेंडर कर्मचारी नहीं था। बैंक का कार्यबल निरंतर अधिक युवा एवं ऊर्जावान हो रहा है तथा बैंक में कर्मचारियों की औसत आयु 35–37 वर्ष है।


शाखा नेटवर्क एवं विस्तार

बैंक ने उत्तर भारत में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए 31 मार्च 2026 तक 175 शाखाओं का नेटवर्क स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। इस रिपोर्ट की तिथि तक बैंक 178 शाखाओं के माध्यम से परिचालन कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान बैंक ने 3 नई शाखाएँ खोली हैं। वर्तमान में बैंक का शाखा नेटवर्क 5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में विस्तृत है।

क्षेत्रवार शाखाओं की स्थिति			
क्रम सं.	क्षेत्र	शाखाओं की संख्या	
		2026	2025
1	मेट्रो	35	34
2	शहरी	49	47
3	अर्ध–शहरी	34	34
4	ग्रामीण	57	57
	कुल	**175**	**172**

बैंक की देश के 5 राज्यों में उपस्थिति है। राज्यवार शाखाओं की स्थिति निम्नानुसार है:

शाखाओं की राज्यवार स्थिति			
क्रम सं.	क्षेत्र	शाखाओं की संख्या	
		2026	2025
1	उत्तराखंड	100	100
2	उत्तर प्रदेश	48	46
3	दिल्ली	15	15



Investment Operations

The total gross Investments of the Bank in various securities stood at ₹1618.29 Crore as on 31.03.2026 against ₹1856.88 Crore as on 31.03.2025. Out of total investments, 41.28% securities have been in "Available for Sale (AFS) category, 1.09% have been in "Fair Value Through Profit or Loss (FVTPL)" category and rest 57.63% is classified under "Held to Maturity (HTM)" category. The investment transactions were taken with a view to maximize yield, protect portfolio against depreciation and simultaneously ensure sufficient liquidity.

Asset Quality Management

The Gross NPA of the Bank decreased to 271.60 Crore as on 31.03.2026 from ₹386.20 Crore as on 31.03.2025. The Bank endeavors to recover and upgrade recently added NPA accounts along with old NPA accounts during the current financial year. Net NPA to Net Advances stood at 0.27% level. The Gross NPA to Gross Advances stood at 4.95% as on 31st March 2026, as against 7.78% last year and the Net NPA to Net Advances stood at 0.27% as against 0.56% last year.

The asset classifications are as follows:

(₹ In Crore)

	As on 31.03.2026		As on 31.03.2025	
	Amount	**%**	**Amount**	**%**
Standard	5214.17	95.05	4575.17	92.21
Sub-Standard	45.99	0.88	55.84	1.31
Doubtful	155.92	2.99	250.87	6.49
Loss assets	69.69	1.34	79.49	0.48
Gross Advances (Excluding interest Suspense)	**5485.77**	**100**	**4961.37**	**100**

Human Resource Capital

Our human capital remains the cornerstone of our competitive advantage and the primary catalyst for our strategic transformation. In an evolving financial landscape, the Bank continues to invest heavily in nurturing a future-ready workforce by prioritizing continuous upskilling, leadership development, and digital literacy. Driven by a meritocratic culture rooted in trust, inclusion, and safety, we successfully attract and retain top-tier talent. By aligning our people's strategy with advanced technological frameworks, we have fostered an agile, high-performance environment that drives operational excellence, optimizes customer experience, and ensures sustainable long-term value for our stakeholders.

As of 31st March 2026, the workforce was 1199 (including 3 Management Trainees), comprising of 270 female employees, 929 male employees and nil transgender. The team is becoming notably younger and more agile, wherein, the average number of employees in the Bank is 35 -37 years.

Branch Network & Expansion

The Bank had been successful in widening its network across North India with 175 branches as on 31st March 2026. As on date of this report, the Bank is operating with 178 branches. The Bank has opened -3- new branches during the Financial Year 2025-26. The branch network now covers -5- States/Union Territories.

Area Wise position of Branches			
S. No.	**Area**	**No. of Branches**	
		2026	**2025**
1	Metro	35	34
2	Urban	49	47
3	Semi-Urban	34	34
4	Rural	57	57
	Total	**175**	**172**

The Bank is having its presence in -5- states of the country. The State wise position of branches is given below:

State Wise position of Branches			
S. No.	**Area**	**No. of Branches**	
		2026	**2026**
1	Uttarakhand	100	100
2	Uttar Pradesh	48	46
3	Delhi	15	15

शाखाओं की राज्यवार स्थिति			
क्रम सं.	क्षेत्र	शाखाओं की संख्या	
		2026	2025
4	हरियाणा	09	08
5	राजस्थान	03	03

वित्तीय समावेशन योजना

31 मार्च 2026 तक बैंक ने पांच प्रमुख क्षेत्रों में बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (BC) एजेंटों को जोड़कर अपने वित्तीय समावेशन नेटवर्क का रणनीतिक रूप से विस्तार किया है। इस नेटवर्क में उत्तराखंड में 74 एजेंट, उत्तर प्रदेश में 22 एजेंट, दिल्ली में 9 एजेंट, हरियाणा में 3 एजेंट तथा राजस्थान में 1 एजेंट शामिल हैं। बाजार में अपनी पहुंच को और विस्तारित करने तथा बैंकिंग सुविधाओं की कमी को दूर करने के उद्देश्य से बैंक नए भौगोलिक केंद्रों में अतिरिक्त बीसी एजेंटों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

बैंक अपने परिचालन के आकार, दायरे एवं जटिलता के अनुरूप एक व्यापक आंतरिक नियंत्रण ढाँचा बनाए रखता है। यह व्यवस्था स्पष्ट कॉरपोरेट नीतियों, मानक परिचालन प्रक्रियाओं, सुव्यवस्थित अधिकार प्रत्यायोजन तथा सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन एवं अनुपालन तंत्र पर आधारित है। इसकी निरंतर पर्याप्तता सुनिश्चित करने के लिए बैंक का स्वतंत्र आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य नियमित मूल्यांकन करता है, जिसे वरिष्ठ प्रबंधन तथा निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समय–समय पर रणनीतिक निगरानी प्रदान की जाती है। इस आंतरिक व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ एवं उन्नत करते हुए बैंक अपनी आस्तियों की सुरक्षा, परिचालन दक्षता के अनुकूलन, वैधानिक विनियमों का पूर्ण अनुपालन तथा वित्तीय एवं परिचालन रिपोर्टिंग की पूर्ण विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है।

वेल्थ मैनेजमेंट एवं अन्य सेवाएँ

बैंक की वेल्थ मैनेजमेंट सेवाएँ (WMS) ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक एवं विविधीकृत वित्तीय समाधान उपलब्ध कराना जारी रखे हुए हैं। एक सुदृढ़ कॉरपोरेट एजेंसी मॉडल के माध्यम से परिचालन करते हुए बैंक ने अग्रणी वित्तीय संस्थानों के साथ रणनीतिक गठजोड़ स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से बीमा, निवेश, पेंशन एवं डीमैट खातों सहित वित्तीय उत्पादों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराई जा रही है।

बैंक की बीमा व्यवस्था ग्राहकों की आस्तियों एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से सुव्यवस्थित एवं विविधीकृत है। जीवन बीमा के क्षेत्र में बैंक की एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस (HDFC Life Insurance), इंडियाफर्स्ट लाइफ (IndiaFirst Life) तथा इंडसइंड निप्पॉन लाइफ (IndusInd Nippon Life) के साथ रणनीतिक व्यावसायिक साझेदारियाँ हैं। सामान्य बीमा संबंधी आवश्यकताओं के लिए जेनराली सेंट्रल इंश्योरेंस (Generali Central Insurance) तथा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी (NICL) के साथ साझेदारी है, जबकि स्वास्थ्य बीमा पोर्टफोलियो को केयर हेल्थ इंश्योरेंस (Care Health Insurance) तथा निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस (Niva Bupa Health Insurance) द्वारा समर्थित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, विशेष ऋण जीवन बीमा समाधान क्रेडिट एक्सेस लाइफ इंश्योरेंस (Credit Access Life Insurance) तथा बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस (Bajaj Allianz Life Insurance) के सहयोग से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जोखिम न्यूनीकरण से आगे बढ़ते हुए, बैंक म्यूचुअल फंड, डीमैट प्लेटफॉर्म तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) तक पहुंच उपलब्ध कराकर व्यवस्थित दीर्घकालिक संपत्ति सृजन को सक्षम बना रहा है। राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप बैंक सरकार द्वारा प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, विशेष रूप से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) तथा अटल पेंशन योजना (APY) को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। आगे भी बैंक अपने वेल्थ मैनेजमेंट सेवाओं (WMS) के बाजार हिस्से का विस्तार करने तथा एक विश्वसनीय वित्तीय भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए उत्पाद नवाचार एवं उच्च गुणवत्ता वाली परामर्श सेवाओं को प्राथमिकता देता रहेगा।

अनुपालन ढाँचा

बैंक ने सभी परिचालन स्तरों पर एक सुदृढ़ एवं सक्रिय अनुपालन संस्कृति को संस्थागत रूप प्रदान किया है। निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित अनुपालन नीति एवं व्यापक अनुपालन मैनुअल द्वारा निर्देशित यह ढाँचा बदलते हुए नियामकीय प्रावधानों के साथ पूर्ण सामंजस्य सुनिश्चित करता है। अनुपालन कार्य बैंक की संस्थागत सत्यनिष्ठा के एक महत्वपूर्ण संरक्षक के रूप में कार्य करता है तथा लागू अधिनियमों एवं नियमों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अधिनियम, धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) आदि का सख़्ती से अनुपालन सुनिश्चित करता है। नियामकीय मामलों में परिचालन दक्षता एवं पारदर्शिता स्थापित करके बैंक अपने प्रमुख हितधारकों–नियामकों, निवेशकों, ग्राहकों, सरकारी निकायों एवं आम जनता –के बीच अपनी संस्थागत प्रतिष्ठा को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

पूर्ण स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष निगरानी सुनिश्चित करने के लिए बैंक दो–स्तरीय अनुपालन संरचना के माध्यम से कार्य करता है: केंद्रीकृत निगरानी: प्रधान कार्यालय में मुख्य अनुपालन अधिकारी (CCO) के नेतृत्व में एक समर्पित एवं स्वतंत्र अनुपालन विभाग कार्यरत है, जो नीतियों के निर्माण तथा व्यापक स्तर पर जोखिम न्यूनीकरण का कार्य करता है। क्षेत्रीय अनुपालन: बैंक के सभी तीन परिचालन क्षेत्रों में विशेषज्ञ क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी तैनात हैं, जो क्षेत्रीय स्तर पर अनुपालन के कार्यान्वयन, जवाबदेही एवं व्यावसायिक नैतिकता की निगरानी करते हैं।

State Wise position of Branches			
S. No.	Area	No. of Branches	
		2026	2026
4	Haryana	09	08
5	Rajasthan	03	03

Financial Inclusion Plan

As of 31st March 2026, the Bank has strategically expanded its financial inclusion network by onboarding Business Correspondent (BC) agents across five key territories. The network is anchored by 74 agents in Uttarakhand, complemented by 22 in Uttar Pradesh, 9 in Delhi, 3 in Haryana, and 1 in Rajasthan. To further extend its market reach and bridge banking gaps, the Bank is actively processing the appointment of additional BC agents across new geographic centers.

Internal Control System

The Bank maintains a comprehensive internal control framework scaled precisely to the size, scope, and complexity of its operations. This architecture is anchored by clear corporate policies, standard operating procedures, structured delegations of authority, and robust risk management and compliance mechanisms. To ensure its ongoing adequacy, the Bank's independent internal audit function performs regular evaluations, supplemented by periodic strategic oversight from Senior Management and the Audit Committee of the Board. By continuously upgrading this internal environment, the Bank safeguards its assets, optimizes operational efficiency, ensures total adherence to statutory regulations, and guarantees the complete reliability of its financial and operational reporting.

Wealth Management and other services

The Bank's Wealth Management Services (WMS) continue to provide a comprehensive, diversified spectrum of financial solutions tailored to the evolving requirements of our clientele. Operating through a robust corporate agency model, the Bank has forged strategic alliances with top-tier financial institutions to deliver an extensive portfolio encompassing insurance, investments, pensions, and demat accounts.

Our insurance architecture is meticulously diversified to secure our customers' assets and health. For Life Insurance, we maintain strategic corporate alliances with HDFC Life Insurance, IndiaFirst Life, and IndusInd Nippon Life. Our General Insurance needs are anchored by Generali Central Insurance and National Insurance Company (NICL), while Health Insurance portfolios are supported by Care Health Insurance and Niva Bupa Health Insurance. Additionally, specialized Credit Life Insurance solutions are provided in tandem with Credit Access Life Insurance and Bajaj Allianz Life Insurance.

Beyond risk mitigation, the Bank enables systematic long-term wealth creation by facilitating access to Mutual Funds, Demat platforms, and the National Pension System (NPS). Deeply committed to national financial inclusion, the Bank aggressively promotes Government-sponsored social security initiatives, notably the Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY), Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY), and Atal Pension Yojana (APY). Looking ahead, the Bank will continue to prioritize product innovation and high-quality advisory services to expand our WMS market share and cement our position as a trusted financial partner.

Compliance Framework

The Bank has institutionalized a rigorous, proactive compliance culture across all operational tiers. Governed by a board approved Compliance Policy and a comprehensive Compliance Manual, our framework guarantees absolute alignment with changing regulatory architectures. The compliance function acts as a critical defender of corporate integrity, ensuring strict observance of the applicable Acts & Rules, Banking Regulation Act, the Reserve Bank of India (RBI) Act, Prevention of Money Laundering Act (PMLA) etc. By achieving operational efficiency and transparency in regulatory matters, the Bank systematically enhances its corporate reputation among its primary stakeholders: regulators, investors, customers, government bodies, and the public

To maintain absolute independence and objective oversight, the Bank operates a dual - layer compliance structure: Centralized Oversight: A dedicated, independent Compliance Department at the Head Office, led by the Chief Compliance Officer (CCO), which drives policy formulation and macro-level risk mitigation and Regional Enforcement: Specialized Regional Compliance Officers stationed across all three operating zones to oversee field-level execution, accountability, and business ethics.

जोखिम प्रबंधन ढाँचा

प्रचलित नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुरूप, आपके बैंक में एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढाँचा विद्यमान है। यद्यपि जोखिम प्रबंधन की समग्र जिम्मेदारी निदेशक मंडल की है, तथापि बैंक से संबंधित विभिन्न जोखिमों की निगरानी एवं समीक्षा के लिए निदेशक मंडल ने अपनी शक्तियाँ आंतरिक समितियों–आंतरिक जोखिम प्रबंधन समिति, आस्ति देयता समिति (ALCO) तथा ऋण जोखिम प्रबंधन समिति–को प्रत्यायोजित की हैं। इन समितियों के कार्यों की समीक्षा निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा की जाती है।

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढाँचा है और यह बैंक की मूल संस्था बैंक ऑफ बड़ौदा के समूह–स्तरीय, एंटरप्राइज–वाइड जोखिम प्रबंधन ढाँचे का भी हिस्सा है। इसे ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, तरलता जोखिम, परिचालन जोखिम तथा अन्य विभिन्न जोखिमों के प्रबंधन हेतु उपयुक्त नीतियों एवं प्रक्रियाओं का समर्थन प्राप्त है। इन जोखिमों की पहचान, आकलन, न्यूनीकरण, निगरानी एवं प्रबंधन से संबंधित विवरणों की विभिन्न अंतरालों पर निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा समीक्षा की जाती है।

आईटी पहल एवं विकास

गतिशील एवं निरंतर विकसित हो रहे वित्तीय परिदृश्य में सूचना प्रौद्योगिकी एक परिचालन आवश्यकता बन गई है, जो सीधे तौर पर व्यावसायिक चपलता एवं ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देती है। पिछले दो दशकों में डिजिटल नवाचार ने पारंपरिक बैंकिंग प्रतिमानों को पूरी तरह से पुनर्परिभाषित किया है। सेवा दक्षता को अधिकतम करने के उद्देश्य से बैंक एंड–टू–एंड स्वचालन तथा उन्नत तकनीकी समाधानों के निरंतर कार्यान्वयन को प्राथमिकता देता है।

बैंक का संपूर्ण शाखा नेटवर्क उच्च–प्रदर्शन वाले Finacle 10.x CBS प्लेटफॉर्म पर संचालित होता है, जो बैंक की उच्च–स्तरीय सुरक्षा एवं लेन–देन संबंधी क्षमता का आधार है। इस एकीकृत डिजिटल संरचना का लाभ उठाते हुए, बैंक अपने ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों एवं डिजिटल बैंकिंग माध्यमों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध करा रहा है, जिसमें BBPS, RTGS, NEFT, UPI, IMPS, PFMS, WLATM सेवाएँ, POS टर्मिनल, QR कोड, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड एवं मोबाइल बैंकिंग शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, बैंक ने कड़े नियामकीय अनुपालन को बनाए रखते हुए ग्राहक सुविधा को अधिकतम करने के उद्देश्य से लक्षित डिजिटल समाधानों को लागू किया। प्रमुख पहलों में मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन ''Naini NEO'' का शुभारंभ; मोबाइल बैंकिंग एवं नेट बैंकिंग में नामांकन सुविधा; नेट बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन में FD/RD सुविधा; साइबर क्राइम पोर्टल के साथ I4C API का एकीकरण; कोर बैंकिंग एप्लीकेशन के साथ–साथ मोबाइल बैंकिंग एवं नेट बैंकिंग एप्लीकेशन में Beneficiary Name Lookup (BNL) सुविधा का सक्षम किया जाना; AePS On-us एवं Off-us लेन–देन; मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन में Bharat Bill Payment System (BBPS) का एकीकरण; 'nainitalbank.co.in' डोमेन से 'nainitalbank.bank.in' डोमेन पर माइग्रेशन; मर्चेंट प्रबंधन हेतु QR कोड जनरेशन के माध्यम से UPI Acquirer पर ऑनबोर्डिंग तथा CBS में OTP के माध्यम से आधार सत्यापन की सुविधा का सक्षम किया जाना शामिल है। बैंक ने NPS के लिए Point of Presence (POP) के रूप में कार्य करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल की, जिससे पेंशन एवं सेवानिवृत्ति संबंधी वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में बैंक की स्थिति और अधिक सुदृढ़ हुई है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान प्रमुख विकास

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने निम्नलिखित प्रमुख रणनीतिक कदम उठाए:

(i) राइट्स इश्यू के माध्यम से पूंजी निवेश, जिसके अंतर्गत बैंक ने 4,82,83,655 नए इक्विटी शेयर जारी कर ₹169 करोड़ की राशि जुटाई।

(ii) बैंक की प्रभावी निवल संपत्ति 31 मार्च, 2026 तक ₹1,041 करोड़ रही, जो भारतीय निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए Ownership Guidelines and Corporate Structure के अंतर्गत निर्धारित मानदंडों को पूरा करती है।

पुरस्कार एवं सम्मान

(i) PFRDA द्वारा Private Sector Bank श्रेणी के अंतर्गत Award of Excellence Achievers से सम्मानित।

(ii) PFRDA द्वारा APY के लिए Leadership Pinnacle Campaign के अंतर्गत Award of Exemplary Leadership से सम्मानित।

(iii) PFRDA द्वारा APY Believers Campaign के अंतर्गत Award of PAR Excellence से सम्मानित।

पूंजी एवं शेयरधारक संबंधी विषय

शेयर पूंजी

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान आपके बैंक ने राइट्स इश्यू (Rights Issue) के माध्यम से पूंजी जुटाई। 31 मार्च 2026 को बैंक की श्रेणीवार शेयरधारिता संरचना (Shareholding Pattern) निम्नानुसार थी:

पूंजी का विवरण	शेयरों का प्रतिशत	राशि
1. अधिकृत पूंजी	100.00%	2300000000
निर्गमित पूंजी	72.06%	1657299050
प्रदत्त पूंजी	72.06%	1657299050
2. शेयरधारिता का विवरण	**शेयरों का प्रतिशत**	**शेयर**
I. भारत सरकार	0.00%	0
II. बैंक/वित्तीय संस्थान	98.62%	163439953

Risk Management Framework

Pursuant to the extant rules and guidelines, your Bank has a robust Risk Management Framework. While Risk Management is the responsibility of the Board of Directors, it has delegated its powers relating to monitoring and reviewing risks associated with the Bank to the Internal Committees - Internal Risk Management Committee, Asset Liability Committee, Credit Risk management Committee - which are reviewed by the Risk Management Committee of Board.

Your Bank has a robust Risk Management Framework and is also part of a Group Enterprise - wide Risk Management framework of Parent Bank - Bank of Baroda supported by appropriate policies and processes for management of Credit Risk, Market Risk, Liquidity Risk, Operational Risk and various other risks. Details of identification, assessment, mitigations, monitoring and the management of these risks are reviewed by the Risk Management Committee of Board at various intervals.

IT Initiatives and Developments

In the dynamic evolving financial landscape, Information Technology has become an operational necessity that directly drives business agility and customer satisfaction. Over the last two decades, digital innovation has completely redefined traditional banking paradigms. To maximize service efficiency, the bank prioritizes end-to-end automation and the continuous deployment of advanced technological solutions.

Our entire branch network operates on the high-performance Finacle 10.x CBS platform, which anchors our enterprise-grade security and transactional scaling. Leveraging this unified digital architecture, the Bank provides customers with a comprehensive suite of electronic payment rails and digital banking channels - BBPS, RTGS, NEFT, UPI, IMPS, PFMS, WLATM Services, POS Terminals, QR Code, Net Banking, Debit Cards and Mobile Baking.

In Fiscal 2026, the Bank has deployed targeted digital solutions to maximize customer convenience while maintaining strict regulatory compliance: Launch of Mobile Banking Application "Naini NEO"; Nomination facility in Mobile Banking and Net Banking; FD/RD feature in Net Banking and Mobile Banking Application; I4C API integration with the Cyber Crime portal; Enablement of Beneficiary Name Lookup (BNL) feature in Core Banking Application including Mobile Banking and Net Banking Application; AePS On us and Off us transaction; Integration of Bharat Bill Payment System (BPPS) in Mobile Banking Application; Migration on 'nainitalbank.bank.in' from 'nainitalbank.co.in' domain; On-boarded on UPI Acquirer through QR generation for Merchant Management and enablement of Aadhar verification through OTP in CBS. The Bank achieved a key milestone by becoming a Point of Presence (POP) for NPS, strengthening its position in pension and retirement-related financial services.

Key Developments During the FY 2025-26

During the year, your Bank undertook several strategic actions, as set out below:

(i) Infusion of Capital through Rights Issue, wherein the Bank raised ₹169 Crore by issuing 4,82,83,655 fresh Equity Shares.

(ii) The effective net worth was as on March 31, 2026 at ₹1,041 crore, satisfying the criteria laid under Ownership Guidelines and Corporate Structure for Indian Private Sector Banks.

Awards & Accolades

(i) Award of Excellence Achievers under Private Sector Bank Category by PFRDA

(ii) Award of exemplary Leadership under Leadership Pinnacle Campaign by PFRDA for APY

(iii) Award of PAR Excellence under APY Believers Campaign by PFRDA

Capital and Shareholder Matters

Share Capital

In the Financial Year 2025-26, your Bank raised capital through Rights Issue. The category wise Shareholding Pattern of the Bank, as on 31st March 2026, was as under -

Composition particulars	% of shares	Amount
1. Authorised Capital	100.00%	2300000000
Issued Capital	72.06%	1657299050
Paid-up-Capital	72.06%	1657299050
2. Share Holding	% of shares	Shares
I) Govt of India	0.00%	0
II) Banks/Financial Institution	98.62%	163439953

पूंजी का विवरण	शेयरों का प्रतिशत	राशि
III. बीमा कंपनियाँ	0.00%	0
IV. म्यूचुअल फंड /यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया	0.00%	0.00
V. अनिवासी भारतीय/विदेशी संस्थागत निवेशक /विदेशी वाणिज्यिक निकाय	0.00%	0.00
VI. निजी कॉरपोरेट निकाय	0.14%	236256
VII. अन्य/रिटेल व्यक्तिगत निवेशक	1.24%	2043263
VIII. IEPF (निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि)	0.00%	10433
कुल	**100%**	**165729905**

आपके बैंक की पूंजी संरचना में बैंक ऑफ बड़ौदा की 98.62% हिस्सेदारी है। इस शेयरधारिता को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विशेष मामले के रूप में अनुमति प्रदान की गई है तथा यह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की संबंधित धारा, भारतीय रिज़र्व बैंक (बैंकिंग कंपनियों में शेयरों या मतदान अधिकारों का अधिग्रहण एवं धारण) मास्टर निदेश, 2023 तथा वर्तमान में लागू अन्य संबंधित कानूनों के प्रावधानों के अनुरूप है।

लाभांश

आपका बैंक लाभांश के रूप में लाभ के वितरण हेतु RBI Circular RBI/2025–26/387 DOR.ACC.REC.No.427/21.02.067/2025–26 दिनांक 10 मार्च 2026, अर्थात 'भारतीय रिजर्व बैंक (कमर्शियल बैंक – डिविडेंड की घोषणा और मुनाफे के प्रेषण पर विवेकपूर्ण मानदंड) निर्देश, 2026' का अनुपालन करता है। लाभांश वितरण व्यवस्था का उद्देश्य शेयरधारकों को लाभांश के माध्यम से प्रतिफल प्रदान करने के साथ–साथ बैंक की भावी वृद्धि को समर्थन देने हेतु आवश्यक पूंजी को बनाए रखना है।

बैंक ने Rights Issue 2025 के माध्यम से ₹168.99 करोड़ की नई पूंजी जुटाकर निवल संपत्ति (Net Worth) से संबंधित आवश्यकता का अनुपालन किया है। इससे बैंक की निवल संपत्ति ₹1,000.00 करोड़ से अधिक हो गई है, जो बैंक पर लागू है तथा भारत में मौजूदा यूनिवर्सल बैंकों के लिए न्यूनतम निवल संपत्ति से संबंधित विनियामक आवश्यकता का अनुपालन सुनिश्चित करता है (RBI प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 26 नवंबर 2024)।

उपर्युक्त RBI परिपत्र के अनुपालन में, लाभांश घोषित करने हेतु निर्धारित पात्रता मानदंड के अंतर्गत बैंक के लिए यह आवश्यक था कि वह पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के अंत में लागू विनियामक पूंजी आवश्यकता का अनुपालन करता हो तथा जिस वित्तीय वर्ष में लाभांश का भुगतान प्रस्तावित है, उसके अंत में भी उक्त आवश्यकताओं का निरंतर अनुपालन करता रहे। तदनुसार, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025–26 की दूसरी तिमाही (Q–2) में विनियामक पूंजी आवश्यकता का अनुपालन किया है। लागू विधिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कोई लाभांश प्रस्तावित नहीं किया गया है।

बॉण्ड एवं डिबेंचर

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान कोई बॉण्ड एवं डिबेंचर जारी नहीं किया है।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात

बेसल–III मानदंडों के अंतर्गत बैंक की पूंजी पर्याप्तता 18.96% रही, जबकि पिछले वर्ष यह 16.76% थी। 31 मार्च 2026 को कुल पूंजी पर्याप्तता में, टियर–I पूंजी: 17.92% और टियर–II पूंजी: 1.04% रही।

जमा

बैंकिंग कंपनी होने के कारण, कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(5)(v) एवं (vi) को कंपनी अधिनियम, 2013 की धाराओं 73 एवं 74 के साथ पढ़े जाने पर, इनके प्रावधान आपके बैंक पर लागू नहीं होते हैं।

कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना / कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ESOP)

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान कोई कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना अथवा कर्मचारी शेयर विकल्प योजना जारी नहीं की है।

शेयरों का विभौतिकीकरण

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) ने गैर–सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों द्वारा प्रतिभूतियों को केवल डीमैट रूप में जारी करना अनिवार्य किया है। दिनांक 02 अक्टूबर 2018 से गैर–सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों द्वारा अतिरिक्त शेयरों का निर्गमन तथा सभी शेयरों का हस्तांतरण केवल अभौतिकीकृत रूप में किया जाना अनिवार्य है। इसके प्रमुख प्रावधान निम्नानुसार हैं:

- गैर–सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी की प्रत्येक प्रतिभूति धारक, जो 02 अक्टूबर 2018 या उसके पश्चात ऐसी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण करना चाहता है, उसे हस्तांतरण से पूर्व उक्त प्रतिभूतियों का अभौतिकीकरण कराना होगा।
- गैर–सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी की प्रत्येक प्रतिभूति धारक, जो 02 अक्टूबर 2018 या उसके पश्चात गैर–सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी की किसी प्रतिभूति की अभिदाय करता है, चाहे वह निजी प्लेसमेंट, बोनस शेयर अथवा राइट्स ऑफर के माध्यम से हो, यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी अभिदाय करने से पूर्व उसकी सभी मौजूदा प्रतिभूतियाँ अभौतिकीकृत रूप में धारित हों।

Composition particulars	% of shares	Amount
III) Insurance Company	0.00%	0
IV) (Mutual Funds) MFs/ United Trust of India (UTI)	0.00%	0.00
V) Non-Residents (Foreign Institutional Investors (FIIs)/Overseas Commercial Bodies (OCBs)	0.00%	0.00
VI) Private Corporate	0.14%	236256
VII) Others/Retail Individuals	1.24%	2043263
VIII) IEPF	0.00%	10433
Total	**100%**	**165729905**

Your Bank is having a capital structure where Bank of Baroda is holding 98.62% stake. This shareholding has been permitted by Reserve Bank of India as a special case and as per relevant section of The Banking Regulation Act, 1949, Master Direction Reserve Bank of India (Acquisition and Holding of Shares or Voting Rights in Banking Companies) Directions, 2023 and other laws applicable for the time being in force.

Dividend

Your Bank adheres to RBI Circular - RBI/2025-26/387DOR. ACC.REC.No.427/21.02.067/2025-26 dated March 10, 2026 'Reserve Bank of India (Commercial Banks - Prudential Norms on Declaration of Dividend and Remittances of Profits) Directions, 2026' for distribution of profit in the form of Dividend. The Dividend Distribution structure encompasses rewarding shareholders through dividends while retaining the capital required for supporting its future growth.

The Bank has complied with the Net Worth requirement by raising fresh capital of ₹ 168.99 Crore through Rights Issue 2025 which enabled the Bank to augment its Net Worth to above ₹ 1,000.00 Crore as applicable to the Bank and be complaint with the regulatory requirement (RBI press release of November 26, 2024) w.r.t minimum Net Worth for existing Universal Banks in India.

In compliance of the RBI circular aforesaid, under the eligibility criteria for declaration of dividend, the Bank was required to be in compliance with the applicable regulatory capital requirement as at the end of the previous financial year and shall continue to be in compliance as at the end of the financial year during which the dividend is proposed to be paid. Accordingly, the Bank complied with the regulatory capital requirement in Q-2 of the Financial Year 2025-26. In view of the applicable provisions of law, no dividend is proposed for the Financial Year 2025-26.

Bonds and Debenture

Your Bank has not issued Bonds and Debentures during the Financial Year 2025-26.

Capital Adequacy Ratio

The Capital Adequacy under Basel - III norms stood at 18.96% as against 16.76% last year. Out of the Total Capital Adequacy, Tier - I capital was 17.92% and Tier - II capital was 1.04% as on 31.03.2026.

Deposits

Being a banking company, the provisions under Rule 8(5)(v) and (vi) of the Companies (Accounts) Rules, 2014 read with Sections 73 and 74 of the Companies Act, 2013 ("Act") are not applicable to your Bank.

Employee Stock Ownership Plan / Employee Stock Option Plan (ESOP)

Your Bank has not issued Employee Stock Ownership Plan or Employee Stock Option Plan during the Financial Year 2025 -26.

Dematerialisation of Shares

Ministry of Corporate Affairs (MCA) has made it mandatory for issuance of securities in demat form only by unlisted public companies and that with effect from October 02, 2018, issue of further shares and transfer of all shares by unlisted public companies shall be in dematerialized form only. Following is a gist of the same:

- Every holder of securities of an unlisted public company, who intends to transfer such securities on or after October 02, 2018, shall get such securities dematerialized before the transfer;
- Every holder of securities of an unlisted public company, who subscribes to any securities of an unlisted public company (whether by way of private placement or bonus shares or rights offer) on or after October 02, 2018 shall ensure that all his existing securities are held in dematerialized form before such subscription;

- प्रत्येक गैर–सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी अपने सभी मौजूदा प्रतिभूतियों के अभौतिकीकरण की सुविधा प्रदान करेगी। इसके लिए कंपनी द्वारा डिपॉजिटरी के समक्ष आवश्यक आवेदन किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रकार की प्रतिभूति के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिभूति पहचान संख्या (ISIN) प्राप्त की जाएगी और इस सुविधा के संबंध में सभी मौजूदा प्रतिभूति धारकों को सूचित किया जाएगा।

उपरोक्त के संबंध में, बैंक ने बैंक के शेयरों के अभौतिकीकरण हेतु M/s KFin Technologies Limited को 'रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट' के रूप में नियुक्त किया है। शेयरधारकों से अनुरोध किया गया कि बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को सुचारु एवं निर्बाध रूप से प्राप्त करने हेतु वे अपने शेयरों का अभौतिकीकरण करा लें।

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (IEPF) में शेयरों का हस्तांतरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) को निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, हस्तांतरण एवं वापसी) नियम, 2016 तथा समय–समय पर किए गए संशोधनों के साथ पढ़े जाने पर, कंपनी (बैंक) के ऐसे शेयर, जिनसे संबंधित लाभांश लगातार सात वर्ष या उससे अधिक की अवधि तक अवैतनिक अथवा अदावाकृत रहा है, को IEPF प्राधिकरण के डीमैट खाते में हस्तांतरित किया जाना आवश्यक है।

यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने वाले सभी शेयर, चाहे वे अभौतिकीकृत रूप में धारित हों अथवा भौतिक रूप में, कॉर्पोरेट एक्शन के माध्यम से IEPF प्राधिकरण के डीमैट खातों में हस्तांतरित किए जाने हैं।

वित्तीय वर्ष 2017–18 से संबंधित ₹1,43,368.00 का लाभांश, जो बैंक के अवैतनिक लाभांश खाते में हस्तांतरण की तारीख से सात वर्ष की अवधि तक अदावाकृत रहा, विधिवत रूप से IEPF खाते में हस्तांतरित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, ऐसे 41,779 इक्विटी शेयर, जिनसे संबंधित लाभांश लगातार सात वर्षों तक दावा नहीं किया गया था, को भी IEPF प्राधिकरण के निर्धारित डीमैट खाते में हस्तांतरित कर दिया गया है।

बैठकें

वार्षिक आम बैठक

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बैंक की वार्षिक आम बैठक 29 सितंबर 2025 को आयोजित की गई, जिसमें बैंक के सदस्यों के समक्ष कुल नौ प्रस्ताव/कार्यसूचियाँ रखी गईं, जिन्हें निम्नानुसार अनुमोदित किया गया:

साधारण कार्य

राहत एवं कल्याण	0	-
सुरक्षित पेयजल	2,87,000.00	2.28%
खेल	9,52,100.00	7.57%
पारंपरिक कला एवं संस्कृति / अन्य	35,17,441.00	27.97%
कुल योग	**1,25,77,645.00**	**100%**



Category wise representation of CSR Expenditure 2025-26

Category	Expenditure 2025-26	Percentage
Animal welfare, Flora/Fauna	6,00,000.00	4.77%
Armed force veterans	0	-
Education	30,70,862.00	24.42%
Environment	4,47,000.00	3.55%
Healthcare	37,03,242.00	29.44%
Relief and welfare	0	-
Safe drinking water	2,87,000.00	2.28%
Sport	9,52,100.00	7.57%
Traditional Art & Culture / other	35,17,441.00	27.97%
Grand Total	**1,25,77,645.00**	**100%**



प्रपत्र संख्या MR–3
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट
31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) तथा कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुपालन में]

सेवा में,

सदस्यगण,

द नैनीताल बैंक लिमिटेड

नैनी बैंक हाउस, सेवन ओक्स

मल्लीताल, नैनीताल, उत्तराखंड–263001

(CIN: U65923UR1922PLC000234)

हमने द नैनीताल बैंक लिमिटेड, जिसका **CIN: U65923UR1922PLC000234** है (जिसे आगे ''बैंक'' कहा गया है), द्वारा लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन तथा सुशासन की सर्वोत्तम प्रथाओं के पालन के संबंध में सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई कि बैंक के कॉरपोरेट आचरण/वैधानिक अनुपालन के मूल्यांकन के लिए हमें उचित आधार प्राप्त हो सके तथा इस संबंध में अपनी राय व्यक्त की जा सके।

बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त पुस्तिकाओं, दाखिल किए गए प्रपत्रों एवं रिटर्न तथा बैंक द्वारा संधारित अन्य अभिलेखों के हमारे सत्यापन एवं सचिवीय लेखापरीक्षा के दौरान बैंक, उसके अधिकारियों, अभिकर्ताओं एवं अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर, हमारी राय में, 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष ('लेखापरीक्षा अवधि') को सम्मिलित करने वाली लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक ने नीचे उल्लिखित वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है तथा बैंक में उचित निदेशक मंडल प्रक्रियाएँ एवं अनुपालन तंत्र भी विद्यमान हैं, जो नीचे किए गए प्रतिवेदन के अनुसार, निर्धारित सीमा, तरीके एवं शर्तों के अधीन हैं।

हमने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक द्वारा संधारित पुस्तकों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त पुस्तिकाओं, दाखिल किए गए प्रपत्रों एवं रिटर्न तथा अन्य अभिलेखों की निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार जाँच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम।

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (SCRA) तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम; **(बैंक सूचीबद्ध नहीं होने के कारण लागू नहीं)।**

(iii) डिपॉजिटरीज अधिनियम, 1996 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए विनियम एवं उप–विधियाँ।

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम एवं विनियम, जहाँ तक वे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI), विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ODI) तथा बाह्य वाणिज्यिक उधार (ECB) से संबंधित हैं।

(v) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('SEBI Act') के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित विनियम एवं दिशानिर्देश; **(बैंक सूचीबद्ध नहीं होने के कारण लागू नहीं)।**

(क) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और टेकओवर) विनियम, 2011;

(ख) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (आंतरिक व्यापार का निषेध) विनियम, 2015;

(ग) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2018;

(घ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (कर्मचारी शेयर–आधारित लाभ एवं स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021;

(ङ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (गैर–परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम एवं सूचीबद्धता) विनियम, 2021;

(च) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (निर्गम के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट) विनियम, 1993;

(छ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग) विनियम, 2021;

(ज) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद) विनियम, 2018।

(vi) बैंक के प्रबंधन द्वारा यह बताया गया है कि बैंक पर लागू राजकोषीय, श्रम, पर्यावरणीय कानूनों, बैंकिंग कानूनों तथा अन्य वैधानिक प्रावधानों का सामान्यतः अनुपालन किया जाता है।

(vii) हमने निम्नलिखित के लागू प्रावधानों के अनुपालन की भी जाँच की है:

(क) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक, जो निदेशक मंडल की बैठकों (SS–1) तथा सामान्य बैठकों (SS–2) से संबंधित हैं।

(ख) बैंक द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों के साथ किए गए लिस्टिंग समझौते; **(बैंक सूचीबद्ध बैंक नहीं होने के कारण लागू नहीं)।**

Form No. MR-3
SECRETARIAL AUDIT REPORT

FOR THE FINANCIAL YEAR ENDED 31 March, 2026

[Pursuant to Section 204(1) of the Companies Act, 2013 and Rule No. 9 of the Companies Appointment and Remuneration on Personnel) Rules, 2014]

To,

The Members,
The Nainital Bank Limited
Naini Bank House, Seven Oaks
Mallital, Nainital, Uttarakhand-263001

(CIN: U65923UR1922PLC000234)

We have conducted the Secretarial Audit of the compliance of applicable statutory provisions and the adherence to the good corporate governance practices by The Nainital Bank Limited having CIN: U65923UR1922PLC000234 (hereinafter called "the Bank"). Secretarial Audit was conducted in a manner that provided us a reasonable basis for evaluating the corporate conducts/ statutory compliance and expressing my opinion thereon.

Based on our verification of the books, papers, minute books, forms and returns filed and other records maintained by the bank and also the information so provided by the bank, its officers, agents and authorized representatives during the conduct of Secretarial Audit, We report that in our opinion , the Bank has during the audit period covering the Financial Year ended on **March 31, 2026** ('Audit Period') complied with statutory provisions listed hereunder and also that the bank has proper board processes and compliance mechanism in place to the extent , in the manner and subject to the reporting made hereinafter:

We have examined the books, papers, minute books, forms and returns filed and other records maintained by the Bank for the Financial Year ended March 31, 2026, according to the provisions of:

(i) The Companies Act, 2013 (the Act) and the rules made thereunder.

(ii) The Securities Contracts (Regulation) Act, 1956 ('SCRA') and the rules made thereunder; **(Not Applicable as the Bank is not Listed.)**

(iii) The Depositories Act, 1996 and the Regulations and Bye- laws framed thereunder;

(iv) Foreign Exchange Management Act, 1999 and the rules and regulations made thereunder to the extent of Foreign Direct Investment, Overseas Direct Investment and External Commercial Borrowings.

(v) The following Regulations and Guidelines prescribed under the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 ('SEBI Act'); **(Not Applicable as the Bank is not listed)**

a. The Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations 2011;

b. The Securities and Exchange Board of India (Prohibition of Insider Trading) Regulations 2015;

c. The Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018;

d. The Securities and Exchange Board of India (Share Based Employee Benefits and Sweat equity) Regulation, 2021

e. The Securities and Exchange Board of India (Issue and Listing of Non-Convertible Securities) Regulation, 2021;

f. The Securities and Exchange Board of India (Registrars to an Issue and Share Transfer Agents) Regulations, 1993

g. The Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021;

h. The Securities and Exchange Board of India (Buyback of Securities) Regulations 2018;

(vi) The Management of the Bank represented that fiscal, labour environmental laws, banking laws and other Statutes which are applicable to the Bank, are generally complied with.

(vii) We have also examined compliance of the applicable clauses of the following:

a. Secretarial Standards issued by The Institute of Company Secretaries of India with respect to Board Meeting (SS- 1) and General meeting (SS-2).

b. The Listing Agreements entered into by the Bank with the Stock Exchanges; **(Not applicable as the Bank is not a Listed Bank)**

हम आगे यह भी प्रतिवेदित करते हैं कि:

(क) बैंक के निदेशक मंडल का विधिवत गठन किया गया है तथा इसमें कार्यकारी निदेशकों, गैर–कार्यकारी निदेशकों एवं स्वतंत्र निदेशकों का उचित संतुलन है। निदेशक मंडल में हुए परिवर्तन लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप किए गए हैं।

(ख) निदेशक मंडल की बैठक निर्धारित करने के लिए सभी निदेशकों को पर्याप्त पूर्व सूचना दी जाती है। बैठक की कार्यसूची एवं कार्यसूची से संबंधित विस्तृत टिप्पणियाँ कम से कम सात दिन पूर्व भेजी जाती हैं। साथ ही, बैठक से पूर्व कार्यसूची के विषयों पर आवश्यक अतिरिक्त जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने की व्यवस्था तथा बैठक में सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उचित प्रणाली विद्यमान है।

(ग) निर्णय बहुमत के आधार पर लिए जाते हैं तथा असहमति रखने वाले सदस्यों के विचारों को बैठक के कार्यवृत्त के भाग के रूप में दर्ज एवं अभिलिखित किया जाता है।

हम आगे यह भी प्रतिवेदित करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान उपर्युक्त संदर्भित अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुपालन के संदर्भ में बैंक के कार्यकलापों को प्रभावित करने वाली कोई घटना नहीं हुई, सिवाय निम्नलिखित के:

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, बैंक ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए लागू नियमों के अनुपालन में, राइट इश्यू के माध्यम से नई पूंजी जुटाने के लिए ₹10 अंकित मूल्य वाले 4,82,83,655 इक्विटी शेयर, प्रत्येक पर ₹25 का प्रीमियम, जारी किए, जिससे ₹168.99 करोड़ की नई पूंजी जुटाई गई।

हस्ताक्षरित/–
टी. चटर्जी एंड एसोसिएट्स की ओर से
कंपनी सचिव
FRN No. P2007WB067100
Peer Review No. 7747/2026
हस्ताक्षरित/–
सी एस सुमाना सुभाष मित्रा–पार्टनर
ACS:43291, COP: 22915
UDIN: A043291H001037042

दिनांक: 06–08–2026
स्थान: नई दिल्ली

यह रिपोर्ट समान दिनांक के हमारे पत्र के साथ पढ़ी जानी चाहिए, जिसे **अनुलग्नक–A** के रूप में संलग्न किया गया है और जो इस रिपोर्ट का अभिन्न अंग है।

अनुलग्नक –A

सेवा में,
सदस्यगण
नैनीताल बैंक लिमिटेड

हमारी समान दिनांक की रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

1. सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी इन सचिवीय अभिलेखों की लेखापरीक्षा के आधार पर उनके संबंध में राय व्यक्त करना है।

2. हमने सचिवीय अभिलेखों की विषय–वस्तु की शुद्धता के संबंध में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए, जहाँ उपयुक्त था, ICSI के ऑडिटिंग मानकों, मार्गदर्शक टिप्पणियों, लेखापरीक्षा प्रथाओं एवं प्रक्रियाओं का पालन किया है। यह सत्यापन नमूना–आधारित (**test basis**) किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्यों को प्रतिबिंबित किया गया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाएँ एवं प्रथाएँ हमारी राय के लिए उचित आधार प्रदान करती हैं।

3. जहाँ भी आवश्यक हुआ, हमने कानूनों, नियमों एवं विनियमों के अनुपालन तथा विभिन्न घटनाओं के घटित होने आदि के संबंध में प्रबंधन से अभ्यावेदन प्राप्त किए हैं।

4. कॉरपोरेट एवं अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों तथा मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जाँच नमूना–आधारित सत्यापन (test basis) पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

5. सचिवीय लेखापरीक्षा न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के संबंध में कोई आश्वासन है और न ही यह उस दक्षता या प्रभावशीलता का आश्वासन है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यकलापों का संचालन किया है।

हस्ताक्षरित/–
टी. चटर्जी एंड एसोसिएट्स की ओर से
कंपनी सचिव
FRN No. P2007WB067100
Peer Review No. 7747/2026
हस्ताक्षरित/–
सी एस सुमाना सुभाष मित्रा–पार्टनर
ACS:43291, COP: 22915
UDIN: A043291H001037042

दिनांक: 06–08–2026
स्थान: नई दिल्ली

We further report that:

a. The Board of Directors of the Bank is duly constituted with proper balance of Executive Directors, Non-Executive Directors and independent Directors. Changes in the Board took place in compliance with the applicable statutory provisions.

b. Adequate notice is given to all Directors to schedule the Board Meeting, agenda and detailed notes on agenda were sent at least seven days in advance and a system exists of seeking and obtaining further information and clarification on the agenda items before the meeting and for meaningful participation at the meeting.

c. Majority decision is carried through while the dissenting members' views are captured and recorded as part of the minutes.

We further report that during the audit period, no events occurred which had bearing on the bank's affairs in pursuance of the above referred laws, rules, regulations, guidelines, standard etc except:

During the FY 25-26, the Bank has issued 4,82,83,655 equity shares of ₹10 each at a premium of ₹25 each to raise fresh capital of ₹168.99 Crore under right issue in compliance with Section 62 of the Companies Act, 2013 and applicable rules framed thereunder.

Sd/-
For **T. Chatterjee & Associates**
Company Secretaries
FRN No. - P2007WB067100
Peer Review No. 7747/2026

Sd/-
CS Sumana Subhash Mitra-Partner
ACS:43291, COP: 22915
UDIN: A043291H001037042

Date: 06-08-2026
Place: New Delhi

This report is to be read with our letter of even date which is annexed as Annexure A and forms an integral part of this report.

ANNEXURE –A

To

The Members

The Nainital Bank Limited

Our report of even date is to be read along with this letter.

1. Maintenance of secretarial record is the responsibility of the management of the Company. Our responsibility is to express an opinion on these secretarial records based on our audit.

2. We have followed the Guidance Notes on ICSI Auditing Standard, audit practices and processes as were appropriate to obtain reasonable assurance about the correctness of the contents of the Secretarial records. The verification was done on test basis to ensure that correct facts are reflected in secretarial records. We believe that the processes and practices, we followed provide a reasonable basis for our opinion.

3. Where ever required, we have obtained the Management representation about the compliance of laws, rules and regulations and happening of events etc.

4. The compliance of the provisions of Corporate and other applicable laws, rules, regulations, standards is the responsibility of management. Our examination was limited to the verification of procedures on test basis.

5. The Secretarial Audit is neither an assurance as to the future viability of the Company nor of the efficacy or effectiveness with which the management has conducted the affairs of the Company.

Sd/-
For **T. Chatterjee & Associates**
Company Secretaries
FRN No. - P2007WB067100
Peer Review No. 7747/2026

Sd/-
CS Sumana Subhash Mitra-Partner
ACS:43291, COP: 22915
UDIN: A043291H001037042

Date: 06-08-2026
Place: New Delhi

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में, सदस्यगण,

द नैनीताल बैंक लिमिटेड

एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

राय

1. हमने द नैनीताल बैंक लिमिटेड ('बैंक') के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र, उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि का विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण, तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के सारांश सहित वित्तीय विवरणों के टिप्पणियाँ एवं अन्य व्याख्यात्मक जानकारी शामिल हैं। इनमें हमारे द्वारा लेखापरीक्षित 20 शाखाओं के रिटर्न तथा बैंक की राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में स्थित शाखाओं के शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित 72 शाखाओं के रिटर्न भी शामिल हैं।

हमारी राय में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरणों में बैंकिंग कंपनियों के लिए अपेक्षित तरीके से, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 तथा कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के अंतर्गत अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत की गई है तथा ये भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं। ये वित्तीय विवरण 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार बैंक के कार्यकलापों की स्थिति तथा उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लाभ एवं नकदी प्रवाह का सही एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं।

राय का आधार

2. हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों (SAs) के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। उक्त मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों का आगे वर्णन हमारी रिपोर्ट के ''एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियाँ'' अनुभाग में किया गया है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं तथा अधिनियम एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का भी पालन करते हैं। हमने इन आवश्यकताओं एवं आचार संहिता के अनुरूप अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को भी पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर्याप्त एवं उपयुक्त हैं और हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करते हैं।

महत्वपूर्ण विषय पर जोर

3. हम निम्नलिखित विषयों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं:

(क) संलग्न लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 4 की ओर, जिसमें 31 मार्च 2026 की स्थिति में CBS में सीधे एकीकृत आस्ति वर्गीकरण का समानांतर परीक्षण किए जाने के संबंध में उल्लेख है। एक विवेकपूर्ण उपाय के रूप में बैंक ने ₹4.50 करोड़ का तदर्थ प्रावधान किया है।

(ख) संलग्न लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट संख्या 14 (XX) की ओर, जिसमें विभिन्न लेखा शीर्षों के अंतर्गत बकाया कुछ नामे/जमा प्रविष्टियों का उल्लेख है, जो अंतर–शाखा समायोजन, समाशोधन समायोजन आदि में शामिल हैं तथा जिनका मिलान किया जाना शेष है।

(ग) बैंक को स्वचालित आस्ति वर्गीकरण की प्रक्रियाओं (जिसमें अग्रिमों/निवेशों का NPA/NPI के रूप में वर्गीकरण तथा उनका उन्नयन शामिल है) के साथ–साथ प्रावधान गणना एवं आय पहचान प्रक्रियाओं की पूर्णता एवं अखंडता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

हालाँकि, उपर्युक्त विषय के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

एकल वित्तीय विवरणों तथा उस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

4. बैंक के निदेशक मंडल अन्य जानकारी के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में प्रबंधन रिपोर्ट तथा अध्यक्ष का वक्तव्य, यदि कोई हो, शामिल हैं।

एकल वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन या निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारी को पढ़ना तथा ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी एकल वित्तीय विवरणों के साथ या लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त हमारे ज्ञान के साथ महत्वपूर्ण रूप से असंगत है अथवा अन्यथा उसमें कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण प्रतीत होता है।

जब हम अन्य जानकारी को पढ़ते हैं और यह निष्कर्ष निकालते हैं कि उसमें कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण है, तो हमें इस विषय की जानकारी शासन के उत्तरदायित्व वाले व्यक्तियों को देना आवश्यक है तथा परिस्थितियों और लागू कानूनों के अनुसार आवश्यक उचित कार्रवाई करनी होती है।

एकल वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबंधन एवं शासन के उत्तरदायित्व वाले व्यक्तियों की जिम्मेदारियाँ

5. बैंक का निदेशक मंडल, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) में उल्लिखित विषयों के संबंध में इन एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने

INDEPENDENT AUDITOR'S REPORT

To the Members of
The Nainital Bank Limited

Report on Audit of the Standalone Financial Statements

Opinion

1. We have audited the accompanying standalone financial statements of The Nainital Bank Limited ('the Bank'), which comprise the Balance Sheet as at 31st March 2026, the Statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows for the year then ended, and notes to the financial statements including a summary of significant accounting policies and other explanatory information in which are included the Returns for 20 branches audited by us and returns for 72 branches for the year ended on that date audited by the branch auditors of the Bank's branches located at Rajasthan, Haryana, Delhi, Uttarakhand and Uttar Pradesh.

In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid standalone financial statements give the information required by the Banking Regulation Act, 1949 as well as the Companies Act, 2013 ('the Act') in the manner so required for banking Companies and are in conformity with accounting principles generally accepted in India and give a true and fair view of the state of affairs of the Bank as at 31st March 2026, and its profit and its cash flows for the year ended on that date.

Basis for Opinion

2. We conducted our audit in accordance with the Standards on Auditing (SAs) specified under section 143(10) of the Companies Act, 2013. Our responsibilities under those Standards are further described in the Auditor's Responsibilities for the Audit of the standalone Financial Statements section of our report. We are independent of the Bank in accordance with the Code of Ethics issued by the Institute of Chartered Accountants of India together with the ethical requirements that are relevant to our audit of the financial statements under the provisions of the Act and the Rules thereunder, and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the Code of Ethics. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

Emphasis of Matter

3. We draw attention to:

a. Note 4 of Schedule 18 of accompanying statement of audited financial with regards to a parallel test run of integrated asset classification carried out directly in CBS as of 31 March 2026, the Bank has created an ad-hoc provision of ₹4.5 crore as a prudent measure.

b. Note no. 14 (XX) of Schedule 18 of accompanying statement of audited financial with regard to some debit / credit entries outstanding in various heads of accounts included in Inter Branch Adjustments/ Clearing adjustments etc. which are subject to reconciliation.

c. That the bank needs to ensure the completeness and integrity of the automated Asset Classification (classification of advances/investments as NPA/NPI and their upgradation), Provisioning calculation and Income Recognition processes.

However, our opinion is not modified in respect of above stated matter.

Information Other than the Standalone Financial Statements and Auditor's Report Thereon

4. The Bank's Board of Directors is responsible for the other information. The other information comprises the management report and chairman's statement, if any.

Our opinion on the standalone financial statements does not cover the other information and we do not express any form of assurance or conclusion thereon.

In connection with our audit of the standalone financial statements, our responsibility is to read the other information and, in doing so, consider whether the other information is materially inconsistent with the standalone financial statements or our knowledge obtained in the audit or otherwise appears to be materially misstated.

When we read the other information, if we conclude that there is a material misstatement therein, we are required to communicate the matter to those charged with governance and take appropriate actions necessitated by the circumstances and the applicable laws

Responsibilities of Management and Those Charged with Governance for the Standalone Financial Statements

5. The Bank's Board of Directors is responsible for the matters stated in section 134(5) of the Companies Act,

के लिए उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों, जिसमें अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखांकन मानक, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक ('RBI') द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों को शामिल करते हुए, बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्यनिष्पादन एवं नकदी प्रवाह का सही एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस जिम्मेदारी में बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं की रोकथाम एवं पहचान के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों का रखरखाव; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन एवं अनुप्रयोग; ऐसे निर्णय एवं अनुमान करना जो उचित एवं विवेकपूर्ण हों; तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव भी शामिल है, जो लेखांकन अभिलेखों की सटीकता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्यरत हों और एकल वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक हों, ताकि वे सही एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करें तथा धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण होने वाले महत्वपूर्ण गलत विवरणों से मुक्त हों।

एकल वित्तीय विवरण तैयार करते समय, बैंक का निदेशक मंडल बैंक की सतत् व्यवसाय संचालन के रूप में जारी रहने की क्षमता का आकलन करने, जहाँ लागू हो वहाँ सतत् व्यवसाय संचालन से संबंधित विषयों का प्रकटीकरण करने तथा Going Concern आधार पर लेखांकन करने के लिए उत्तरदायी है, जब तक कि बैंक का निदेशक मंडल या तो बैंक का परिसमापन करने अथवा उसके संचालन को बंद करने का इरादा न रखता हो, या ऐसा करने के अलावा उसके पास कोई वास्तविक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी है।

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियाँ

6. हमारा उद्देश्य इस संबंध में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि समग्र रूप से वित्तीय विवरण महत्वपूर्ण गलत विवरणों से मुक्त हैं, चाहे वे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हों, तथा ऐसी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय सम्मिलित हो। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, किंतु यह इस बात की गारंटी नहीं है कि लेखापरीक्षा मानकों (SAs) के अनुसार की गई लेखापरीक्षा, जब कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण विद्यमान हो, तो उसे हमेशा पहचान लेगी। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें महत्वपूर्ण माना जाता है यदि, व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, उनसे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णय प्रभावित होने की उचित संभावना हो।

लेखापरीक्षा मानकों (SAs) के अनुसार लेखापरीक्षा के एक भाग के रूप में, हम पूरी लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर निर्णय का प्रयोग करते हैं तथा पेशेवर संदेहशीलता बनाए रखते हैं।

हम निम्नलिखित भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों में धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले महत्वपूर्ण गलत विवरणों के जोखिमों की पहचान एवं आकलन करते हैं, उन जोखिमों के अनुरूप लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार एवं निष्पादित करते हैं तथा ऐसा पर्याप्त एवं उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करे। धोखाधड़ी से उत्पन्न महत्वपूर्ण गलत विवरण का पता न चलने का जोखिम, त्रुटि से उत्पन्न गलत विवरण की तुलना में अधिक होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर की गई चूक, गलत प्रस्तुतीकरण अथवा आंतरिक नियंत्रणों को दरकिनार करना शामिल हो सकता है।

- परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों की समझ प्राप्त करते हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत, हम इस संबंध में भी अपनी राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं कि बैंक में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली विद्यमान है तथा ऐसे नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं या नहीं।

- प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा किए गए लेखांकन अनुमानों और उनसे संबंधित प्रकटीकरणों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करते हैं।

- प्रबंधन द्वारा सतत् व्यवसाय संचालन (Going Concern) के आधार पर लेखांकन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालते हैं तथा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर यह निर्धारित करते हैं कि क्या ऐसी घटनाओं या परिस्थितियों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता विद्यमान है, जो बैंक की सतत् व्यवसाय संचालन के रूप में जारी रहने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह उत्पन्न कर सकती है। यदि हम निष्कर्ष निकालते हैं कि ऐसी महत्वपूर्ण अनिश्चितता विद्यमान है, तो हमें अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में किए गए संबंधित प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है अथवा यदि ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हैं, तो अपनी राय में संशोधन करना होता है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित होते हैं। तथापि, भविष्य की घटनाएँ या परिस्थितियाँ बैंक के सतत् व्यवसाय संचालन के रूप में जारी रहने को समाप्त कर सकती हैं।

- वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं विषय–वस्तु, जिसमें किए गए प्रकटीकरण भी शामिल हैं, का मूल्यांकन करते हैं तथा यह भी देखते हैं कि वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन–देन एवं घटनाओं को इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं या नहीं, जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति सुनिश्चित हो।

महत्त्वता से आशय एकल वित्तीय विवरणों में गलत विवरणों की उस मात्रा से है, जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से इतनी महत्वपूर्ण हो कि यह संभावना उत्पन्न हो कि वित्तीय विवरणों के यथोचित रूप से जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम मात्रात्मक महत्त्वता तथा गुणात्मक

2013 with respect to the preparation of these standalone financial statements that give a true and fair view of the financial position, financial performance and cash flows of the Bank in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the Accounting Standards specified under section 133 of the Act, and provisions of Section 29 of the Banking Regulation Act, 1949 and circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India ('RBI') from time to time. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Act for safeguarding of the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other irregularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls, that were operating effectively for ensuring the accuracy and completeness of the accounting records, relevant to the preparation and presentation of the standalone financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

In preparing the standalone financial statements, Bank's Board of Directors is responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing, as applicable, matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless Bank's Board of Directors either intends to liquidate the Bank or to cease operations, or has no realistic alternative but to do so.

The Board of Directors are also responsible for overseeing the Bank's financial reporting process.

Auditor's Responsibilities for the audit of the Financial Statements

6. Our objectives are to obtain reasonable assurance about whether the financial statements as a whole are free from material misstatement, whether due to fraud or error, and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance, but is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatements can arise from fraud or error and are considered material if, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these financial statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional scepticism throughout the audit.

We also:

- Identify and assess the risks of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error, design and perform audit procedures responsive to those risks, and obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error, as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations, or the override of internal control.
- Obtain an understanding of internal control relevant to the audit in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances. Under section 143(3)(i) of the Companies Act, 2013, we are also responsible for expressing our opinion on whether the Bank has adequate internal financial controls system in place and the operating effectiveness of such controls.
- Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by management.
- Conclude on the appropriateness of management's use of the going concern basis of accounting and, based on the audit evidence obtained, whether a material uncertainty exists related to events or conditions that may cast significant doubt on the Bank's ability to continue as a going concern. If we conclude that a material uncertainty exists, we are required to draw attention in our auditor's report to the related disclosures in the financial statements or, if such disclosures are inadequate, to modify our opinion. Our conclusions are based on the audit evidence obtained up to the date of our auditor's report. However, future events or conditions may cause the Bank to cease to continue as a going concern.
- Evaluate the overall presentation, structure and content of the financial statements, including the disclosures, and whether the financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

Materiality is the magnitude of the misstatements in the standalone financial statements that, individually or aggregate, makes it probable that the economic decisions of a reasonably knowledgeable user of the financial statements may be influenced. We consider quantitative materiality and qualitative factors in (i) planning of the scope

कारकों को निम्नलिखित में ध्यान में रखते हैं: (i) हमारी लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने तथा हमारे कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में; तथा (ii) वित्तीय विवरणों में पहचाने गए किसी भी गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने में।

हम शासन के उत्तरदायित्व वाले व्यक्तियों के साथ, अन्य विषयों के अलावा, लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे एवं समय तथा लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण निष्कर्षों के संबंध में संवाद करते हैं, जिसमें लेखापरीक्षा के दौरान हमारे द्वारा पहचानी गई आंतरिक नियंत्रणों की कोई महत्वपूर्ण कमी भी शामिल है।

हम शासन के उत्तरदायित्व वाले व्यक्तियों को यह वक्तव्य भी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का पालन किया है तथा उन सभी संबंधों एवं अन्य विषयों के बारे में उनसे संवाद करते हैं, जिनके बारे में यथोचित रूप से यह माना जा सकता है कि वे हमारी स्वतंत्रता को प्रभावित करते हैं और, जहाँ लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में भी जानकारी देते हैं।

शासन के उत्तरदायित्व वाले व्यक्तियों के साथ जिन विषयों पर संवाद किया गया है, उनमें से हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखापरीक्षा विषय हैं। हम इन विषयों का अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में वर्णन करते हैं, जब तक कि कानून या विनियम उस विषय के संबंध में सार्वजनिक प्रकटीकरण को प्रतिबंधित न करता हो अथवा अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में हम यह निर्धारित न करें कि किसी विषय को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों से जनहित में होने वाले लाभों की तुलना में अधिक होने की उचित अपेक्षा हो।

अन्य विषय

7. हमने बैंक के एकल वित्तीय विवरणों में शामिल 72 शाखाओं के वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं में 31 मार्च 2026 की स्थिति में कुल सकल अग्रिम ₹2,094.57 करोड़ तथा उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कुल आय ₹315.97 करोड़ दर्शाई गई है, जिन्हें एकल वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। इन शाखाओं में 31 मार्च 2026 की स्थिति में अग्रिमों का 38.12%, जमाराशियों का 46.62% तथा एनपीए का 42.54% और 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए आय का 40.76% शामिल है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें उपलब्ध कराई गई हैं। अतः जहाँ तक शाखाओं से संबंधित शामिल की गई राशियों एवं प्रकटीकरणों का संबंध है, हमारी राय पूर्णतः ऐसे शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

8. अपनी लेखापरीक्षा के दौरान हमने 83 शाखाओं से संबंधित अलेखापरीक्षित रिटर्न को ध्यान में रखा है, जिन्हें संबंधित शाखाओं के प्रबंधन एवं बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रमाणित किया गया है। इन शाखाओं की वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं में 31 मार्च 2026 की स्थिति में कुल सकल अग्रिम ₹1,089.33 करोड़ तथा उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कुल आय ₹177.78 करोड़ दर्शाई गई है। इन अलेखापरीक्षित शाखाओं में 31 मार्च 2026 की स्थिति में अग्रिमों का 19.83%, जमाराशियों का 28.69% तथा एनपीए का 16.46% और उक्त वर्ष के लिए आय का 22.93% शामिल है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं को संबंधित शाखाओं के प्रबंधन एवं बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रमाणित किया गया है।

इस विषय के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

अन्य वैधानिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

9. तुलन–पत्र तथा लाभ एवं हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

10. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 30 की उप–धारा (3) के अनुसार, हम प्रतिवेदित करते हैं कि:

(क) हमने अपनी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के उद्देश्य के लिए आवश्यक सभी सूचनाएँ एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं और उन्हें संतोषजनक पाया है;

(ख) बैंक के वे लेन–देन, जो हमारी जानकारी में आए हैं, बैंक को प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत किए गए हैं;

(ग) बैंक के कार्यालयों एवं शाखाओं से प्राप्त रिटर्न, हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त पाए गए हैं;

(घ) लाभ एवं हानि खाता, उक्त वर्ष के लिए लाभ का सही शेष दर्शाता है।

11. इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 143(3) के अनुसार, हम प्रतिवेदित करते हैं कि:

(क) हमने अपनी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के उद्देश्य के लिए आवश्यक सभी सूचनाएँ एवं स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त किए हैं;

(ख) हमारी राय में, कानून के अनुसार अपेक्षित उचित लेखा पुस्तकों का बैंक द्वारा रखरखाव किया गया है, जहाँ तक उन पुस्तकों की हमारी जाँच से प्रतीत होता है, तथा हमारे द्वारा दौरा नहीं की गई शाखाओं से हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त उचित रिटर्न प्राप्त हुए हैं;

(ग) अधिनियम की धारा 143(8) के अंतर्गत बैंक की शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित शाखा कार्यालयों के खातों से संबंधित रिपोर्ट हमें भेजी गई हैं और इस रिपोर्ट को तैयार करते समय हमने उनका उचित रूप से संज्ञान एवं उपयोग किया है;

(घ) इस रिपोर्ट में शामिल तुलन–पत्र, लाभ एवं हानि विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण, लेखा पुस्तकों तथा हमारे द्वारा दौरा नहीं की गई शाखाओं से प्राप्त रिटर्न के साथ संगत हैं;

of our audit work and evaluating the results of our work; and (ii) to evaluate the effect of any identified misstatement in the financial statements.

We communicate with those charged with governance regarding, among other matters, the planned scope and timing of the audit and significant audit findings, including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence, and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence, and where applicable, related safeguards.

From the matters communicated with those charged with governance, we determine those matters that were of most significance in the audit of the financial statements of the current period and are therefore the key audit matters. We describe these matters in our auditor's report unless law or regulation precludes public disclosure about the matter or when, in extremely rare circumstances, we determine that a matter should not be communicated in our report because the adverse consequences of doing so would reasonably be expected to outweigh the public interest benefits of such communication.

Other Matters

7. We did not audit the financial statements / information of 72 branches included in the standalone financial statements of the Bank whose financial statements / financial information reflect total gross advances of Rs. 2094.57 crores as at 31st March 2026 and total revenue of Rs. 315.97 crores for the year ended on that date, as considered in the standalone financial statements. These branches cover 38.12% of advances, 46.62% of deposits and 42.54% of non-performing assets as at 31st March 2026 and 40.76% of revenue for the year ended 31st March 2026. The financial statements / information of these branches have been audited by the statutory branch auditors whose reports have been furnished to us, and our opinion in so far as it relates to the amounts and disclosures included in respect of branches, is based solely on the report of such branch auditors.

8. In the conduct of our audit, we have taken note of the unaudited returns in respect of 83 branches certified by the respective branch's management and internal auditors of the bank whose financial statements/ information reflect total gross advances of Rs. 1089.33 crore as at 31st March 2026 and total revenue of Rs 177.78 crore for the year ended on that date. These unaudited branches cover 19.83% of advances, 28.69% of deposits and 16.46% of non-performing assets as on 31st March 2026 and 22.93% of revenue for the year then ended. The financial statements / information of these branches has been certified by the respective branch's management and internal auditors of the bank.

Our opinion is not modified in respect of this matter.

Report on Other Legal and Regulatory Requirements

9. The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in accordance with the provisions of Section 29 of the Banking Regulation Act, 1949 and Section 133 of the Companies Act, 2013

10. As required by sub-section (3) of section 30 of the Banking Regulation Act, 1949, we report that:

(a) we have obtained all the information and explanations which, to the best of our knowledge and belief, were necessary for the purpose of our audit and have found them to be satisfactory;

(b) the transactions of the Bank, which have come to our notice, have been within the powers of the Bank;

(c) the returns received from the offices; and branches of the Bank have been found adequate for the purposes of our audit;

(d) the profit and loss account shows a true balance of profit for the year then ended.

11. Further, as required by section 143(3) of the Act, we report that:

a) we have sought and obtained all the information and explanations which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit;

b) in our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as it appears from our examination of those books and proper returns adequate for the purposes of our audit have been received from branches not visited by us;

c) the reports on the accounts of the branch offices of the bank audited under section 143(8) of the Act by branch auditors of the Bank have been sent to us and have been properly dealt with by us in preparing this report;

d) the Balance Sheet, the Statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows dealt with in this report are in agreement with the books of account and with the returns received from the branches not visited by us

(ङ) हमारी राय में, उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरण, अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं, जहाँ तक वे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुरूप हैं;

(च) 31 मार्च 2026 तक निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन और निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड पर लिए गए आधार पर, 31 मार्च 2026 तक अधिनियम की धारा 164(2) के अनुसार किसी भी निदेशक को निदेशक के रूप में नियुक्त होने से अयोग्य नहीं ठहराया गया है;

(छ) बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता तथा ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में हमारी अलग रिपोर्ट के ''अनुलग्नक **A**'' का संदर्भ लिया जाए;

(ज) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(16) की आवश्यकताओं के अनुसार लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य विषयों के संबंध में हम प्रतिवेदित करते हैं कि:

बैंक द्वारा अपने निदेशकों को भुगतान किया गया पारिश्रमिक इस धारा के प्रावधानों के अनुरूप है।

(झ) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य विषयों के संबंध में, हमारी राय में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार:

(1) बैंक ने अपने वित्तीय विवरणों में लंबित मुकदमों (Pending Litigations) के अपनी वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का प्रकटीकरण किया है–वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18, नोट 14 (XII) का संदर्भ लें।

(2) बैंक के पास ऐसे कोई दीर्घकालिक अनुबंध, जिनमें डेरिवेटिव अनुबंध भी शामिल हैं, नहीं थे, जिनसे किसी प्रकार की महत्वपूर्ण पूर्वानुमेय हानि होने की संभावना हो।

(3) बैंक द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में हस्तांतरित की जाने वाली किसी भी राशि के हस्तांतरण में कोई विलंब नहीं हुआ है।

(4) (क) प्रबंधन ने यह अभ्यावेदन दिया है कि, उसकी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार, खातों की टिप्पणियों में किए गए प्रकटीकरण के अतिरिक्त, बैंक द्वारा किसी अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों या संस्था/संस्थाओं, जिसमें विदेशी संस्थाएँ भी शामिल हैं (मध्यस्थ), को कोई धनराशि अग्रिम अथवा ऋण के रूप में नहीं दी गई है अथवा निवेश नहीं किया गया है–चाहे वह उधार ली गई निधियों, शेयर प्रीमियम अथवा किसी अन्य स्रोत या प्रकार की निधियों से हो –इस समझ के साथ, चाहे वह लिखित रूप में दर्ज हो अथवा अन्यथा, कि ऐसा मध्यस्थ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बैंक द्वारा या उसकी ओर से किसी भी प्रकार से पहचाने गए अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों या संस्था/संस्थाओं (अंतिम लाभार्थी) को ऋण देगा अथवा निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, प्रतिभूति अथवा इसी प्रकार की अन्य व्यवस्था प्रदान करेगा।

(ख) प्रबंधन ने यह भी अभ्यावेदन दिया है कि, उसकी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार, खातों की टिप्पणियों में किए गए प्रकटीकरण के अतिरिक्त, बैंक को किसी व्यक्ति/व्यक्तियों या संस्था/संस्थाओं, जिसमें विदेशी संस्थाएँ भी शामिल हैं (वित्तपोषण पक्ष), से ऐसी कोई निधि प्राप्त नहीं हुई है, इस समझ के साथ, चाहे वह लिखित रूप में दर्ज हो अथवा अन्यथा, कि बैंक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वित्तपोषण पक्ष द्वारा या उसकी ओर से किसी भी प्रकार से पहचाने गए अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों या संस्था/संस्थाओं (अंतिम लाभार्थी) को ऋण देगा अथवा निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, प्रतिभूति अथवा इसी प्रकार की अन्य व्यवस्था प्रदान करेगा।

(ग) परिस्थितियों में हमारे द्वारा उचित एवं उपयुक्त समझी गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमारे संज्ञान में ऐसी कोई बात नहीं आई है जिससे हमें यह विश्वास हो कि उपर्युक्त उप–खंड (क) एवं (ख) के अंतर्गत किए गए अभ्यावेदनों में कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण है।

(v) बैंक ने वर्ष के दौरान कोई लाभांश घोषित नहीं किया है। अतः अधिनियम की धारा 123 से संबंधित अनुपालन लागू नहीं होता है।

(vi) हमारी जाँच, जिसमें नमूना–आधारित परीक्षण (Test Checks) भी शामिल थे, के आधार पर बैंक ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपनी लेखा पुस्तकों के रखरखाव हेतु ऐसे लेखांकन सॉफ्टवेयर का उपयोग किया है, जिसमें ऑडिट ट्रेल /एडिट लॉग दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है तथा संबंधित सॉफ्टवेयर में दर्ज सभी प्रासंगिक लेन–देन के लिए यह सुविधा पूरे वर्ष प्रभावी रूप से कार्यरत रही है। इसके अतिरिक्त, हमारी लेखापरीक्षा के दौरान हमारे संज्ञान में ऑडिट ट्रेल सुविधा के साथ छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं आया।

साथ ही, संबंधित पूर्ववर्ती वर्षों के ऑडिट ट्रेल को अभिलेख संरक्षण (Record Retention) हेतु सुरक्षित रखा गया है तथा बैंक द्वारा वैधानिक अभिलेख संरक्षण आवश्यकताओं के अनुसार संबंधित वर्षों में उसका अभिलेखन किया गया है।

एम/एस ए.आर. एंड कंपनी की ओर से
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण संख्या: 002744C

सीए अनिल गौड़
पार्टनर
सदस्यता संख्या: 017546
UDIN संख्या: 26017546RWXLHU8809

स्थान: गाजियाबाद
दिनांक: 28–04–2026

e) in our opinion, the aforesaid standalone financial statements comply with the Accounting Standards specified under Section 133 of the Act, to the extent they are not inconsistent with the accounting policies prescribed by RBI;

f) on the basis of written representations received from the directors as at 31 March 2026 and taken on record by the Board of Directors, none of the directors is disqualified as at 31 March 2026 from being appointed as a director in terms of Section 164(2) of the Act;

g) with respect to the adequacy of the internal financial controls over financial reporting of the Bank and the operating effectiveness of such controls, refer to our separate Report in "Annexure A"

h) With respect to the other matters to be included in the Auditor's Report in accordance with the requirements of Section 197(16) of the Companies Act, 2013 we report that

The remuneration paid by the bank to its directors is in accordance with the provisions of this section.

i) with respect to the other matters to be included in the Auditor's Report in accordance with Rule 11 of the Companies (Audit and Auditors) Rules, 2014, in our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us:

i. the Bank has disclosed the impact of pending litigations on its financial position in its financial statements - Refer Schedule 18, Note 14 (XII) to the financial statements;

ii. the Bank did not have any long-term contracts including derivative contracts for which there were any material foreseeable losses

iii. there has been no delay in transferring amounts, required to be transferred, to the Investor Education and Protection Fund by the Bank;

iv. A. The management has represented that, to the best of its knowledge and belief, other than as disclosed in the notes to the accounts, no funds have been advanced or loaned or invested (either from borrowed funds or share premium or any other sources or kind of funds) by the Bank to or in any other person(s) or entity(ies), including foreign entities ("Intermediaries"), with the understanding, whether recorded in writing or otherwise, that the Intermediary shall, whether, directly or indirectly lend or invest in other persons or entities identified in any manner whatsoever by or on behalf of the bank ("Ultimate Beneficiaries") or provide any guarantee, security or the like on behalf of the Ultimate Beneficiaries;

